

# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 284

ग्वालियर, बुधवार, 8 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### दाल मिलों ने मांगी मंडी टैक्स में छूट तो ई-वे बिल पर भड़के व्यापारी

**भोपाल।** सबसे अधिक मंडी टैक्स प्रदेश में वसूल किया जा रहा है, जिसको लेकर दाल मिल एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर करते हुए एक ज्ञापन भी कृषि मंत्री और जल संसाधन मंत्री को सौंपा। दाल मिल से जुड़े लोगों का कहना है कि अन्य राज्यों की तुलना में मंडी टैक्स ज्यादा होने के कारण उन्हें गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र से लेकर कर्नाटक जैसे राज्यों से कड़ा मुकाबला करना पड़ता है और इनकी दालें व्यापारियों को कुछ सस्ती पड़ती है। मध्यप्रदेश में लगभग 700 दाल मिलें हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 160 से अधिक इंदौर में स्थित है। बीते कई समय से दाल मिल से जुड़े व्यापारी अपनी समस्याओं के लिए प्रयासरत हैं, मगर शासन स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। डीजल के लगातार बढ़ते दामों के चलते ट्रांसपोर्टेशन तो महंगा है ही, वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सख्ती के अलावा टैक्स की भी मार ज्यादा है। ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन ने अभी कृषि मंत्री कमल पटेल और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें मंडी टैक्स घटाने या उसमें छूट की मांग की गई, जिसके चलते कारोबार प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ व्यापारी ई-वे बिल को लेकर भड़के हैं और वाणिज्यकर आयुक्त लोकेश जाटव से भी मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया। दरअसल अभी शासन ने 30 और वस्तुओं को ई-वे बिल प्रक्रिया में शामिल कर लिया।

### रेत माफिया को संरक्षण दे रहे सीएम चन्नी, उनके इलाके में हो रही अवैध माइनिंग : केजरीवाल

**अमृतसर।** अमृतसर में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी रेत माफिया को सरंक्षण देते हैं। उनके इलाके में ही अवैध माइनिंग हो रही है। पंजाब की जनता जानना चाहती है कि इन लोगों को पंजाब के मुख्यमंत्री संरक्षण दे रहे हैं या उनके साथ उनकी पार्टनरशिप है। उन्होंने कहा कुछ दिन पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा था कि पंजाब के कई विधायकों और मंत्रियों की अवैध माइनिंग चल रही है। ऐसे में अगर यही लोग ऐसा करेंगे, तो पंजाब का विकास कैसे होगा। उन्होंने कहा पंजाब में 20,000 करोड़ रुपए का रेत खनन चल रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर अवैध रेत खनन का काम बंद करवाया जाएगा और जो लोग अवैध रेत खनन कर रहे हैं, उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी। इसके अलावा अवैध खनन से जो पैसा नेताओं की जेब में जा रहा है, वह महिलाओं की जेब में जाएगा।

### यूपी चुनाव में कांग्रेस के बड़े नेताओं को मिलेगी जवाबदारी

**भोपाल।** उत्तरप्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। चुनाव में प्रभारी बनाकर भेजे गए सत्यनारायण पटेल को प्रदेश के नेताओं की सूची तैयार करने की जवाबदारी दी गई थी, जिसे तैयार कर एआईसीसी को भेज दिया गया है। प्रदेश से भी विधायक और पूर्व विधायकों सहित कई कांग्रेसी नेताओं को उत्तरप्रदेश में अलग-अलग जिलों की जवाबदारी दी जाना है। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल को राष्ट्रीय सचिव बनाकर उन्हें वहां प्रभारी बनाकर भेजा गया है। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने प्रदेश के उन नेताओं की सूची तैयार करने के लिए कहा था, जिनकी ड्यूटी यूपी चुनाव में लगाई जाना है। पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजयसिंह की सहमति से ये सूची तैयार कर प्रियंका गांधी को सौंप दी गई है। कुल 47 नेताओं की सूची सौंपी गई है, जिन्हें कांग्रेस का पर्यवेक्षक बनाकर उत्तरप्रदेश में विधानसभा स्तर पर जवाबदारी दी जाना है। 9 दिसम्बर को एक बड़ी बैठक दिल्ली में होने जा रही है, जिसमें प्रदेश के नेताओं को जवाबदारी दी जाएगी।

### फिल्मों की शूटिंग के लिए गाइडलाइन तैयार

**भोपाल।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मध्य प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग को लेकर गृह विभाग ने गाइडलाइन तैयार कर ली है और इसे जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। अब कलेक्टर से अनुमति लेने के बाद ही शूटिंग की जा सकेगी। कोरोना को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट है और पूरी कोशिश है कि तीसरी लहर को नहीं आने दें। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 16 नए केस आए हैं, जबकि 13 लोग स्वस्थ हुए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के कुल एक्टिव केस 140 और रिकवरी रेट 98.60 फीसदी है। गृहमंत्री ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग देश में फिर से माहौल बिगाडने की कोशिश कर रहा है और जेएनयू में देश विरोधी नारे इसी क्रोनोलाजी के तहत लगे हैं। जनता की गाढ़ी कमाई पर मुफ्त में पढ़ाई कराने वाला जेएनयू अब देश विरोधी वामपंथी विचारधारा का अड्डा बन गया है।

## शिवराज कैबिनेट की बैठक में लिया गया निर्णय

# ग्वालियर एयरपोर्ट विस्तार के लिए 57 हेक्टेयर जमीन देगी सरकार

### वनवासियों को विस्थापन पर 15 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा



**भोपाल।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया ग्वालियर एयरपोर्ट विस्तार के लिए मप्र सरकार 57 हेक्टेयर जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को देगी। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इस दौरान वन क्षेत्रों में बसाहट का विस्थापन के लिए अब सरकार ने 15 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्णय लिया है। अभी तक यह राशि 10 लाख रुपए थी। सरकार के प्रवक्ता एवं गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल के विस्तार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को मुरार तहसील के लोहारपुर गांव में 57 हेक्टेयर जमीन आवंटित की जाएगी। बता दें कि विमानतल के विस्तार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी को हाल ही में आलू अनुसंधान केंद्र की जमीन आवंटित की है। जिसके बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान सिंधिया ने कहा था कि कोशिश होगी कि कार्यकाल में एयरपोर्ट का विस्तार पूरा हो सके, जिससे यहां की उड़ानों की संख्या को बढ़ाया जा सके। इस तरह सरकार एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 143 हेक्टेयर जमीन दे चुकी है।

बता दें कि नए एयर टर्मिनल में भव्य पार्किंग एरिया, बड़ी टर्मिनल का निर्माण होगा। 700 पैसेंजर वाहन एक साथ पार्किंग में लगाए जा सकेंगे। 12 छोटे विमान एक साथ खड़े हो सकेंगे। कार्गो विमान उतारा जाएगा एवं अन्य नागरिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। एयरफोर्स व सिविल एरिया के बीच में एक निश्चित दूरी के नियम का पालन सुरक्षा के संबंध में करना है, इसके लिए 8 हेक्टेयर जमीन अलग से आरक्षित की गई है। ग्वालियर व्यापार मेला के प्रबंधन एवं नियंत्रण का काम अब वाणिज्यकर के बजाए एमएसएमई विभाग को देने का फैसला लिया गया है। इसके लिए कैबिनेट ने ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण संशोधन विधेयक 2021 के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसी तरह विश्वविद्यालय संशोधन 2021 के तहत छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन कर राजा शंकर शाह करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

### विधानसभा सत्र के बाद चिंतन बैठक

डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद मंत्रियों के साथ एक चिंतन बैठक की जाएगी। यह बैठक भोपाल शहर से बाहर होगी। इससे पहले भी मुख्यमंत्री इस तरह की बैठक कर चुके हैं। जिसमें मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग के कामकाज का प्रेजेंटेशन किया था।

### बैठकें सिर्फ चाय-नाश्ता तक सीमित न रहेः शिवराज

**भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा ?कि बैठकें सिर्फ चाय-नाश्ता तक सीमित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर शिशु एवं मातृ मृत्यु दर की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रतिमाह निगरानी करें। जिले के प्रभारी मंत्री भी इस एजेंडा की सतत रूप से समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति सहित अन्य सभी समितियों की बैठके प्रभावी हों, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आएं। सीएम ने कहा कि प्रदेश में नवजात शिशु और माता की मृत्यु के आडिट की कार्य योजना बनाई जाए। इससे मृत्यु का कारण तो पता चलेगा ही साथ ही उसके निवारण की दिशा में प्रयास भी तेज होंगे। उन्होंने कहा कि समस्त प्रसव केंद्रों पर उपकरणों, दवाइयों और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता रहे। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा की जाने वाली गृह भेंटों का पर्यवेक्षण किया जाए। ज्यादा जोखिम वाले नवजातों का चिह्नांकन किया जाए। गर्भावस्था के पंजीयन में देरी न हो। प्रदेश में शिशुओं और माताओं की मौत कम करने के लिए कई बड़े कदम उठाए जाएंगे। हर जिले की ग्रेडिंग की जाएगी। उपलब्धि के आधार पर ही कलेक्टर की सीआर निर्धारित की जाएगी। अच्छा कार्य करने वालों की सराहना एवं खराब उपलब्धि पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही है। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने की कार्य योजना की समीक्षा कर रहे थे।

## अखिलेश यादव को बताया ज्योतिषी घोषणा पत्र को लेकर दी ये जानकारी : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपी चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ 2 बैठकें हुईं।



अखिलेश यादव ज्योतिषी हो सकते हैं कि उन्हें लगता है कि कांग्रेस को 0 सीटें मिलेंगी, हम देखेंगे कि क्या होता है। राज्य में महिला कल्याण पर एक अलग सार्वजनिक घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनावों में जनता कांग्रेस को नकार देगी और उसे जीरो सीट मिलेगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए अलग से एक घोषणा पत्र बनाया है,हम महिलाओं के लिए जो करना चाहते हैं वो उस घोषणा पत्र में होगा। हम कल इस घोषणा पत्र को जारी करेंगे। इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने घोषणा पत्र कमेटी और कैंपेन कमेटी के साथ लखनऊ में बैठक कर में विधानसभा चुनावों की तैयारी की चर्चा की थी। इस दौरान जनता की राय से तैयार किए घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। प्रियंका गांधी ने कहा कि यूपी कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, वंचित वर्गों समेत सभी तबकों की

## काशी में लगेगा भाजपा के मुख्यमंत्रियों का कुंभ

**काशी।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वी यूपी को मथने में जुटी भाजपा ने अब काशी को चुनावी रणनीति का केंद्र बनाने का फैसला लिया है। यही नहीं भाजपा ने काशी विश्वनाथ की नगरी से देश भर में संदेश देने का फैसला लिया है। यही वजह है कि 13 और 14 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी काशी में रहने वाले हैं और इस दौरान देश भर के भाजपा के सीएम और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। कहा जा रहा है कि इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी सभी मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों से विकास एवं सुशासन के मुद्दों को लेकर बात करेंगे। 14 दिसंबर को गुड गवर्नेंस के मुद्दे पर एक सेमिनार को भी संबोधित करने वाले हैं। इससे पहले 13 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी काशी विश्वानाथ धाम कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी गंगा आरती में शामिल होंगे और नौका विहार भी करेंगे। इस दौरान भी देश भर के भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं अन्य नेता मौजूद रहेंगे। इसके बाद अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी गुड गवर्नेंस पर सेमिनार में शामिल होंगे। इस दौरान वह कोरोना वायरस से निपटने के लिए प्रयासों पर भी बाच करेंगे। इसके अलावा टीकाकरण को बढ़ावा देने को लेकर भी वह बात कर सकते हैं। यही नहीं पीएम नरेंद्र मोदी विहंगम योग केंद्र का भी दौरा कर सकते हैं।

# पंचायत चुनाव में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई


- बिना अनुमति के आमसभा, रैली, जुलूस पर प्रतिबंध
- कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, मार्ग, मकानों की छत पर आतिशबाजी का प्रयोग नहीं कर सकेंगे


**भोपाल।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है। चुनाव की घोषणा के साथ ही पंचायत क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन के दौरान लोक शांति बनाए रखने और जन सुरक्षा की दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन और वाहनों के काफिले




के साथ रैली व जुलूस आदि के संबंध में दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत प्रतिबंधात्मक अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर अस्त्र-शस्त्र धारण नहीं करेगा। न लाएगा, न ले लाएगा और न ही प्रदर्शन करेगा। यह पाबंदी उन समुदायों पर लागू नहीं होगी, जो दीर्घकाल से प्रचलित रूढ़ि प्रथा एवं विधि के अनुसार शस्त्र प्रदर्शन करने के लिए हकदार हैं। यह प्रविधान नगर निगम सीमा/नगर परिषद क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र में जाने वाले व्यक्तियों पर भी लागू होंगे।

**आयोजन के लिए लेना होगी विधिवत अनुमतिः** राजनीतिक दल, संस्था, संगठन, व्यक्ति बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किए किसी भी प्रकार की वाहन रैली नहीं निकाल सकेंगे।

## न्यूज़ ट्रैक....

### एशियाई खेलों में करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : पूनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा है कि उनकी टीम को अगर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए टिकट हासिल करना है तो उसे हर हाल में अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना होगा। सविता ने कहा कि इसके लिए टीम को अपनी तैयारियां तेज करनी होंगी क्योंकि एशियाई खेलों में भी मुकाबला आसान नहीं है। इसमें सभी अन्य टीमें भी अपनी ओर से पूरी तैयारी से आयेंगी। उन्होंने कहा ,'' ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद पूरी दुनिया ने हमारा मनोबल बढ़ाया है पर पदक के इतने करीब पहुंचकर खाली हाथ लौटने का दर्द खिलाड़ी ही समझ सकते हैं । हम हमें अगले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन कर इस कमी को पूरा करना है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी हमारा मुख्य ध्यान एशिया कप पर रहेगा जो विश्व कप क्वालीफायर भी है ।उसके बाद विश्व कप और एशियाई खेल हैं।'' गौरतलब है कि भारतीय महिला टीम ने अंतिम बार साल 1982 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सविता ने कहा कि उनकी टीम इस बार स्वर्ण जीतने के इरादे से ही उतरेगी।'' साथ ही कहा कि टीम इसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी।

### वार्नर, स्मिथ, कमिंस और स्टार्क के बिना उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें वेलिंगटन में 17 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलेंगी। वहीं दो अन्य टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 18 मार्च (वेलिंगटन) और 20 मार्च (नेपियर) में खेले जाएंगे। इसमें हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के बिना ही उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि यह दौरा कोविड-19 महामारी के कारण हुए नुकसान को देखते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट के सहयोग के लिए अहम रहेगा। कोरोना महामारी के कारण न्यूजीलैंड का गर्मियों का क्रिकेट कार्यक्रम बाधित हुआ था और हमें खुशी है कि हम इस टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे से अपने करीबी पड़ोसी का सहयोग कर पाएंगे। वहीं इस सप्ताह के शुरू में ऑस्ट्रेलिया ने मार्च और अप्रैल में पाकिस्तान के तीन प्रारूपों के दौरे की पुष्टि की थी जो 24 साल में उनका पाकिस्तान का पहला दौरा होगा।

### बांगड़ को मयंक में दिखती है सहवाग की झलक

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय बांगड़ ने सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि वह वीरेन्द्र सहवाग जैसे खिलाड़ी हैं। मयंक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में शतक और दूसरे पारी में अर्धशतक लगाया था। उन्होंने मैच में लंबे-लंबे छक्के-चौके जमाकर कीवी गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। मयंक ने पूरे मैच में कुल 212 रन बनाए, जो न्यूजीलैंड की पूरी टीम से कुछ ही कम रहे। मयंक ने अपनी 150 रन की पारी में 17 चौके और 4 छक्के जमाए। इसके बाद उन्होंने 62 रन की पारी में एक छक्का और 9 चौके लगाये। इसी को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर बांगड़ ने मयंक की बल्लेबाजी की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि मयंक को सहवाग की याद आती है। बांगड़ ने कहा कि मयंक सहवाग जैसे ही बल्लेबाजी करते हैं। वे बड़े-बड़े शॉट लगाकर गेंदबाजों पर दबाव बनाना पसंद करते हैं और सहवाग को भी यही पसंद था।

#### न्यूजीलैंड पर जीत के बाद विराट बोले: युवा खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# चाहे कोई भी खेले भारतीय क्रिकेट का स्तर हमेशा ऊंचा रहना चाहिए




**मुंबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय क्रिकेट का स्तर ऊंचा रहे। यह जारी है और उम्मीद है कि आगे भी रहेगा। कोहली ने दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड से जीत के बाद कहा, भारतीय क्रिकेट का स्तर हमेशा ऊंचा रहना चाहिए, चाहे कोई भी खेले। वर्तमान में हमारे पास युवा खिलाड़ियों की अच्छी फौज है। ऐसे में युवा जब देश के लिए खेलें तो उनके अंदर भी ऐसी मानसिकता होनी चाहिए। विराट ने युवा खिलाड़ियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल और मयंक अग्रवाल ने सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शानदार प्रदर्शन किया और विपरीत परिस्थितियों में शानदार खेले। कोहली ने कहा कि मयंक ने गजब का खेल दिखाया। ऐसे महत्वपूर्ण समय में आपको दमदार प्रदर्शन करना होता है और उन्होंने ऐसा किया है। उम्मीद है कि वह अब निरंतर ऐसा करते रहेंगे। वहीं सिराज के बारे में कहा कि उनके पास प्रतिभा और कौशल दोनों है। वह अपने हर स्पेल में एक ही ऊर्जा के साथ गेंदबाज़ी करते हैं। ऐसा लगता है कि वह अपने हर स्पेल में एक या दो विकेट निकाल सकते हैं। वहीं अक्षर पटेल एक हरफनमौला खिलाड़ी हैं, जो टीम में संतुलन लाते हैं। वह टी20 क्रिकेट में पहले से कामयाब थे और जब उन्हें टेस्ट में मौका मिला तो उन्होंने वहां भी कमाल दिखाया। वह फॉर्मेट के अनुसार ही अपने खेल में परिवर्तन भी लाते हैं, जो कि एक बेहतरीन खिलाड़ी की निशानी है।

### कोहली ने कहा कि यह साल शानदार रहा

कोहली ने कहा कि यह साल हमारे लिए शानदार रहा। हमें टी-20 वर्ल्ड कप और टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में हमें हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों को छोड़ दिया जाए, तो हम इंग्लैंड में दो टेस्ट जीते। हम घर में शानदार खेले। भारतीय टीम से उम्मीद है कि 12 महीनों में सब कुछ जीते लें, तो यह संभव नहीं है। एक टीम के तौर पर हम जानते हैं कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है और हम कैसे सही दिशा में जा सकते हैं ।टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज अपने नाम कर ली। मुंबई टेस्ट में इंडिया ने न्यूजीलैंड को 372 रनों से हराया। रनों के लिहाज से इंडिया की ये सबसे बड़ी जीत है। इस टेस्ट के मैन ऑफ द मैच रहे मयंक अग्रवाल, जिन्होंने पहली पारी में 150 और दूसरी पारी में 62 रन बनाए। मैन ऑफ द सीरीज आर अश्विन को चुना गया, जिन्होंने 14 विकेट लिए और 70 रन बनाए।

### विराट तीनों प्रारुपों में 50 मैच जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी बने

**मुंबई ।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली जीत के साथ ही तीनों प्रारुपों में 50 जीत दर्ज करने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बने हैं। टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में मिली जीत के साथ ही सीरीज को 1-0 से अपने नाम किया है। मुम्बई में टीम इंडिया के जीत दर्ज करते ही विराट के नाम यह अहम उपलब्धि दर्ज हुई। इसी के साथ ही कोहली तीनों प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 में 50 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं। इस प्रकार उन्होंने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। टेस्ट की बात करें तो पोंटिंग ने खिला?ी के तौर पर सबसे अधिक 108 मैच जीते हैं। एकदिवसीय में भी उनके नाम सबसे अधिक 262 मैच जीतने का रिकॉर्ड है पर वह टी20 में केवल 7 मैच जीत सके हैं। वहीं विराट ने टेस्ट में बतौर खिलाड़ी 50, एकदिवसीय में 153 और टी20 में 59 मुकाबले जीते हैं। इस प्रकार उन्हें उन्हें तीनों प्रारुपों में जीत मिली है। धोनी की बात करें तो उन्होंने टेस्ट में 36, एकदिवसीय में 205 और टी20 में 57 मैच जीते हैं। इस प्रकार धोनी टेस्ट में 50 जीत का आंकड़ा हासिल नहीं कर पाये हैं। वहीं सचिन तेंदुलकर भारत की ओर से सबसे अधिक टेस्ट जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 72 टेस्ट में जीत दर्ज की है। इसके साथ ही उन्होंने 234 एकदिवसीय में जीत दर्ज की जबकि टी20 में सिर्फ एक मैच जीत सके हैं।




मैड्रिड में डेविस कप टेनिस के फाइनल में जीत के बाद उत्साहित रुसी खिलाड़ी और कोच।

### आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची भारतीय टीम

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम नंबर एक पर पहुंच गयी है। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 1-0 की शानदार सीरीज जीत का लाभ मिला और वह एक पायदान ऊपर आकर नंबर एक पर पहुंच गयी है। वहीं पहले नंबर पर चल रही न्यूजीलैंड टीम करारी हार के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गयी है। भारतीय टीम के नये मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की भी पद संभालने के बाद यह पहली टेस्ट सीरीज थी। आईसीसी के अनुसार भारतीय टीम के अब 124 अंक हो गये हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के 121 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम 108 अंक के साथ तीसरे और इंग्लैंड की टीम 107 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। 92 अंक लेकर पाकिस्तान टीम 5वें नंबर पर है। टीम इंडिया का प्रदर्शन अपनी घरेलू धरती पर एक बार फिर अच्छा रहा है। टीम ने लगातार 14वीं सीरीज घर में जीती है।

### टीम इंडिया ने कीवी स्पिनर एजाज को दी विशेष जर्सी

**मुम्बई।** भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल को एक विशेष तोहफा दिया है। टीम ने एजाज को एक जर्सी दी है जिसमें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर है। भारतीय मूल के कीवी खिलाड़ी एजाज का जन्म मुम्बई में हुआ पर इसके बाद उनका परिवार न्यूजीलैंड चला गया था। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एजाज ने सभी दस विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की। वह ऐसा करने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज हैं हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से आर अश्विन और एजाज के एक साक्षात्कार की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में से एक तस्वीर में अश्विन हस्ताक्षर वाली यह विशेष जर्सी एजाज को देते हुए नजर आ रहे हैं। इससे पहले भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने एजाज को दस विकेट लेने के लिए बधाई दी थी।

### 26 दिसंबर से शुरु होगा भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा 26 दिसंबर से शुरु होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार कोरोना के नये संस्करण ओमिक्रॉन के कारण दौरे में देर हुई है और अब यह 26 दिसंबर से शुरु होगा। वहीं पहले भारतीय टीम को 8 या 9 दिसंबर को इस दौरे के लिए रवाना होना था। बीसीसीआई ने अपने एक बयान में कहा है कि पहले मैच 17 दिसंबर से शुरू होने थे जो अब 26 दिसंबर से शुरू होंगे। इस दौरे पर टीम 3 टेस्ट और 3 एकदिवसीय खेलेगी। 4 मैचों की टी20 सीरीज बाद में होगी। वहीं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) अगले कुछ दिनों में नए स्थल और नए कार्यक्रम की घोषणा करेगा। इस दौरे के लिए टीम इंडिया कब रवाना होगी यह अभी तय नहीं हुआ है। वहीं टीम का चयन भी अबतक नहीं हुआ है।

#### भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर कार्यक्रम इस प्रकार है

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट | 26-30 दिसंबर, सेंचुरियन |
| दूसरा टेस्ट | 3-7 जनवरी, जोहानिसबर्ग |
| तीसरा टेस्ट | 11-15 जनवरी, केपटाउन |
| पहला वनडे | जनवरी माह, केपटाउन |
| दूसरा वनडे | जनवरी माह, केपटाउन |
| तीसरा वनडे | जनवरी माह, केपटाउन |



## व्यापार न्यूज

### देश के सात हवाई अड्डों का प्रबंधन करती है अडानी की कंपनी

**नई दिल्ली ।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने अब तक आठ हवाई अड्डों को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत परिचालन, प्रबंधन और विकास की खातिर पट्टे पर दिया है। इनमें से सात हवाई अड्डों का प्रबंधन मेसर्स अडानी एंटरप्राइजेज लि. द्वारा किया जाता है। इस कंपनी के मालिक गौतम अडानी हैं। नागर विमानन राज्य मंत्री वी के सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा में यह जानकारी दी । उन्होंने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरूवनंतपुरम और मेंगलुरू को सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत परिचालन, प्रबंधन एवं विकास के लिए पट्टे पर दे दिया है। इनमें से सात हवाई अड्डों- मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरूवनंतपुरम और मेंगलुरू का प्रबंधन मैसर्स अडानी एंटरप्राइजेज लि. द्वारा किया जाता है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल के 86.67 रुपये प्रति लीटर पर बने हुए हैं। इसी प्रकार मुंबई में पैट्रोल 109.98 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपये प्रति लीटर पर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 104.67 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 89.79 रुपये प्रति लीटर हैं जबकि चेन्नई में पेट्रोल 101.40 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपये प्रति लीटर पर हैं। दिल्ली सरकार ने पेट्रोल पर वैट घटाया है जिससे कीमतों में यह गिरावट आई है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी वैट कम होने से कीमतें कम हुई हैं।

### रुपया बढ़त के साथ खुला



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में तेजी आई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे बढ़कर 75.30 पर पहुंच गया। वहीं अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बढ़त के साथ 75.31 पर खुला और शुरुआती सौदों में यह 75.30 रुपये प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। रुपया आज 15 पैसे की ब?त के साथ खुला जबकि पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 75.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### जिंदल स्टील प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस रोकने के लिए बंद किया गांव का प्रवेश द्वार

**पारादीप ।** ओड़िशा के जगतसिंहपुर जिले में जिंदल स्टील वर्क्स (जेएसडब्ल्यू) की परियोजना का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने पुलिस को रोकने के लिए गांवों में प्रवेश स्थलों को बंद कर दिया है। जिंदल प्रतिरोध संग्राम समिति के नेता देबेंद्र स्वैन की गिरफ्तारी के बाद तनाव बढ़ गया है। गांव वालों ने आरोप लगाया कि पुलिस परियोजना का समर्थन करने वालों की मदद से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि परियोजना का समर्थन करने वाले गोविंदपुर गांव के निवासी प्रभात राउत के आरोप पर शनिवार को एक मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली रात उनके घर पर बम फेंका गया था। पुलिस अधीक्षक अखिलेश्वर सिंह ने कहा कि स्वैन की गिरफ्तारी के बाद ढिंकिया के ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला किया और एक वैन में तोड़फोड़ की। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल सभी संदिग्धों को गिरफ्तार किया जाएगा।पुलिस के अनुसार घटना में सुरक्षाकर्मी और कई ग्रामीण जख्मी हुए हैं।

#### शेयर बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत

# सेंसेक्स और निफ्टी उछले




**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार की मंगलवार को तेज शुरुआत हुई है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार के दौरान दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में तेजी आई। कारोबार के दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 444.17 अंक करीब 0.78 फीसदी की तेजी के साथ ही 57,191.31 पर पहुंचा। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का पचास शेयरों वाला निफ्टी 131.60 अंक तकरीबन 0.78 फीसदी की ऊपर आकर 17,043.85 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील के शेयरों में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, मारुति, इंडसइंड बैंक और एसबीआई के शेयर भी उछले।

वहीं दूसरी ओर डॉ रेड्डीज, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, भारती एयरटेल और एचसीएल के शेयरों में शुरूआती कारोबार के दौरान गिरावट रही जबकि पिछले गत दिवस बाजार में भारी गिरावट आई थी। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा बढ़े। इसका शेयर 2 फीसदी अधिक उछला। इसके अलावा बैंकिंग शेयरों में भी तेजी रही। कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक के अलावा केवल मारुति सुजुकी का शेयर उछला पर टेक महिंद्रा, एलएंडटी और डॉक्टर रेड्डी के शेयर नीचे आये। कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता बने रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने सोमवार को 3,361.28 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### एशियाई बाजारों में बढ़त, अमेरिकी बाजार भी उछले

**टोक्यो ।** एशियाई बाजारों में मंगलवार को तेजी का माहौल है। एशियाई बाजारों में सकारात्मक माहौल देखा गया है। एसजीएक्स निफ्टी 82 अंक ऊपर आया है। वहीं जापान का निक्केई भी करीब 1.25 फीसदी की बढ़त के साथ 28,276.55 के करीब है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.36 फीसदी की तेजी आई है। ताइवान का बाजार 0.06 फीसदी की हल्की तेजी के साथ 17,699.52 के स्तर पर कामकाज कर रहा है। हैंगसेंग 1.24 फीसदी की तेजी के साथ ही 23,639.11 के स्तर पर है जबकि, कोस्पी में 0.18 फीसदी की बढ़त आई है। शंघाई कम्पोजिट भी 0.41 फीसदी की बढ़त के साथ 3,604.18 पर है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों से भी सकारात्मक संदेश मिले हैं। डाओ 650 अंक बढ़कर 35000 के ऊपर पहुंचा है। एसएंडपी 500, नेसडेक भी एक फीसदी बढ़त पर बंद हुआ। कारोबार में उर्जा, इंडस्ट्रियल, एयरलाइंस और होटल शेयरों में तेजी रही। इसके अलावा दुनियाभर के बाजारों से भी अच्छे संकेत मिले हैं। अमेरिकी बाजारों में डाओ 600 अंकों से ज्यादा बढ़कर बंद हुआ था जबकि एसएंडपी 500, नेसडेक भी एक फीसदी बढ़त पर बंद होनें में सफल रहा था। कारोबार में उर्जा, इंडस्ट्रियल, एयरलाइंस और होटल शेयरों में तेजी रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने पीपीई किट के निर्यात पर रोक के रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश को सही ठहराया

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कोरोना महामारी के दौरान पीपीई किट के निर्यात के लिए साख पत्र देने से इनकार करने वाले रिजर्व बैंक के 'मर्चेन्टिंग ट्रेड ट्रांजेक्शन' (एमटीटी) के कुछ दिशानिर्देशों की वैधता को बरकरार रखा है। न्यायालय ने कहा कुछ लोगों को बिना किसी नियंत्रण के मुक्त व्यापार की सुविधा के लिए जनता के कल्याण को सुरक्षित रखने वाले लोकतांत्रिक हितों को 'न्यायिक रूप से निरस्त' नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न की पीठ ने औषधियों का कारोबार करने वाली एक कंपनी के एक निदेशक की अपील को खारिज कर दिया कि उनकी कंपनी को अमेरिका में निर्यात करने के लिए चीन से पीपीई किट आयात करके मध्यस्थ के रूप में कार्य करने से प्रतिबंधित किया गया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरबीआई का व्यापार प्रतिबंध संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (जी) के तहत दिए गए व्यापार और व्यवसाय की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, संविधान के तहत दिए गए अधिकार और स्वतंत्रता सार्वजनिक हित में बनाए गए नियमन को अप्रभावी करने को निजी कारोबारियों के लिये कोई हथियार जैसे नहीं है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने 55 पृष्ठ के आदेश में कहा कुछ लोगों के बिना किसी नियंत्रण के मुक्त व्यापार को संरक्षित रखने के लिये जनता के कल्याण को सुरक्षित रखने वाले लोकतांत्रिक हितों को न्यायिक रूप से निरस्त नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने एमटीटी दिशानिर्देश के संवैधानिक रूप से वैध होने के मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आठ अक्टूबर, 2020 के उस फैसले को भी बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि निर्यात की अनुमति नहीं देने का निर्णय पीपीई उत्पादों की पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए था। यह उपाय राज्य हित में कानूनी रूप से लागू किया गया था और अपीलकर्ता के मौलिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता था।

## स्टेनलेस स्टील आयात में बढ़ोतरी से प्रभावित हो सकती है देश की वैश्विक रैंकिंग

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग की प्रमुख प्रतिनिधि संस्था इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (इसडा) ने सरकार से अगले आम बजट में चीन और इंडोनेशिया से आयातित स्टेनलेस स्टील उत्पादों पर काउंटरवेलिंग ड्यूटी (सीवीडी) लागू करने की अपील की है। इसडा ने कहा कि आम बजट 2021-22 में सीवीडी निलंबित करने से इंडोनेशिया और चीन से आयात में वृद्धि हुई है। अधिकतम आयात बड़ पैमाने पर इंडोनेशिया से परिचालित चीन की कंपनियों से हो रहा है, जिन्हें फरवरी 2021 में सीवीडी के निलंबन के बाद बढ़ावा मिला।

इसडा के अध्यक्ष केके पाहुजा ने कहा बाज़ार में आई मौजूदा उछाल भारत में बढ़ती आयात निर्भरता के बड़े मुद्दे को छिपा रही है जो माननीय प्रधानमंत्री के 'आत्मानिभर भारत दृष्टिकोण के विरुद्ध है, क्योंकि इसका दीर्घकालिक प्रभाव होगा। यदि निर्धारित अर्ध-न्यायिक प्रक्रियाओं के बाद लागू व्यापार- सुधारक नीतियों को अचानक वापस ले लिया जाता है, तो इससे अनिश्चितता पैदा होती है और व्यावसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

हमें उम्मीद है कि सरकार आयात बढ़ोतरी के मुद्दे पर ध्यान देगी और आगामी बजट में दोनों सीवीडी को फिर से लागू करेगी। डीजीटीआर द्वारा की गई विस्तृत जांच के बाद दोनों देशों में गैर-डब्ल्यूटीओ अनुपालन सब्सिडी साबित हुई और आयात पर सीवीडी जारी की गई। शुल्क वापसी का कारण मूल्य नियंत्रित करना था, लेकिन कमॉडिटी सुपर-साइकिल के कारण कच्चे माल का मूल्य भी बढ़ा और मूल्य-नियंत्रण का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। बढ़ते आयात से स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के एमएसएमई उत्पादकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और स्टेनलेस स्टील उद्योग में निवेश की भावना मंद हो गई।

पूरे स्टील उद्योग के आयात (5-6 प्रतिशत) के मुकाबले, स्टेनलेस स्टील फ्लैट उत्पाद क्षेत्र में आयात का हिस्सा 25 प्रतिशत के साथ लगभग पांच गुना है। पिछले आम बजट (2021-22) में सीवीडी को नौ महीने की अवधि के लिए निलंबित किया गया, जिसे 31 जनवरी 2022 तक बढ़ा दिया गया था। आने वाले दिनों में चीन के उत्पादन में गिरावट आ सकती है, लेकिन इंडोनेशिया में स्थित चीन की कंपनियों के स्टेनलेस स्टील उत्पादन में तेज़ वृद्धि की उम्मीद है। इसडा को आशंका है कि इंडोनेशिया 2021 में भारत को पीछे छोड़कर विश्व में दूसरे सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील उत्पादक का स्थान ले लेगा, जैसा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है। इंडोनेशिया का उत्पादन मुख्य रूप से निर्यात बाज़ारों के लिए होता है जहां भारत भी भारत-आसियान एफटीए के तहत बाज़ार में खुली पहुंच प्रदान करता है। स्टेनलेस स्टील के फ्लैट उत्पादों के आयात रुझान से यह संकेत मिलता है कि पिछले दो वर्षों की तरह इस वर्ष में भारतीय बाज़ार का एक-चौथाई हिस्सा आयातित होगा। इस वर्ष, जीडीपी की तरह, भारतीय स्टेनलेस स्टील बाज़ार के कोविड-पूर्व स्तर पर रहने की उम्मीद है। मांग पूरी करने के लिए घरेलू उद्योग में पर्याप्त क्षमता है। हालांकि, अधिक आयात के कारण उद्योग अपनी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे न केवल सरकार के राजस्व पर, बल्कि रोज़गार सृजन और उद्योग के आगामी निवेश पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, सब्सिडी-शुदा स्टेनलेस स्टील के लिए बाज़ार में खुली पहुंच प्रदान कर, भारत इंडोनेशिया की स्टेनलेस स्टील उत्पादन वृद्धि में सीधी मदद कर रहा है।

# रेत उत्खनन कर रही 6 पनडुब्बी को को पुलिस ने किया नष्ट





## पुलिस प्रशासन व खनिज विभाग ने खदान पर की संयुक्त कार्रवाई

भिण्ड। जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों को देखते हुए स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन को रोकने सक्रिय हो गया है, जिसके चलते मंगलवार दोपहर अमायन थाना क्षेत्र के सिंध नदी के किनारे ग्राम सांदूरी खदान पर रेत माफिया अवैध तरीके से उत्खन्न कर रहे थे, जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को लगी तो तुरंत पुलिस प्रशासन सहित माइनिंग अधिकारी खदान पर दबिश देने के लिए पहुंचे और सांदूरी खदान से 6 पनडुब्बी जला दी और जिसमें से दो जेसीबी से तोड़ कर के विनीष्टीकरण किया गया। इस कार्रवाई के दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारें, एएसपी कमलेश खरपुसे, एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी, एसडीएम लहार आरप्रजापति, नायब तहसीलदार मिहोना, खनिज इंस्पेक्टर देशमुख, होमगार्ड टीम उपस्थित रही।


# 30 हज़ार की अवैध शराब जब्त



भिण्ड। अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में ऊमरी पुलिस को बडी सफलता मिली। बीते मंगलवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम अकहा में एक व्यक्ति अवैध अंग्रेजी शराब को बाजरा की करब में बेचने के लिये छिपाकर रख रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम अकहा पहुंचा सूचना की तस्दीक की गई तो एक व्यक्ति शराब की पेटियों को बाजरा की करब में छिपा कर रख रहा था जिसे मौके पर फोर्स के साथ घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर नाम बृजेन्द्र पुत्र बहादुर जाटव उम्र 38 साल निवासी ग्राम अकहा थाना ऊमरी का होना बताया बाजरा की करब की तलाशी ली गई तो उसमें 07 पेटी राजस्थानी रॉयल व्हिस्की अंग्रेजी टेट्रा पैकिंग की मिली जिनमें 336 नग, एक नग में 180 एमएल शराब कुल 60.480 लीटर शराब कुल कीमती 30,000 रुपये मिली उक्त आरोपी से लायसेंस चाहा तो कोई वैध लायसेंस न होना बताया आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में का निरी. विनय सिंह तोमर थाना प्रभारी ऊमरी, उ.नि. देवेन्द्र राठौर, उ.नि. अभिषेक राय, का. सउनि लोकेन्द्र सिंह तोमर, का.प्र. आर. 457 मनोज, आरक्षक 176 राहुल सिंह राजावत, आर.753 पंकज, आर.194 यशवेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डॉ. पाराशर के निधन पर ब्राह्मण समाज ने किया शोक व्यक्त

### श्री पाराशर का जाना समाज के लिए अभूतपूर्व क्षतिः कटारे



भिण्ड। विगत रविवार को समाजसेवी आयुष चिकित्सक डॉ. कैलाश पाराशर का अटेर रोड पर स्वरूप विद्या निकेतन के पास सड़क दुर्घटना में दुखद निधन होने पर श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ एवं समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया। ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर कटारे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री पाराशर सात्विक विचारधारा वाले शांतिप्रिय व्यक्ति थे, गरीबों का दर्द भलीभांति समझते थे उन्होंने अपना जीवन गरीबों की सेवा में समर्पण किया था आज उनके जाने से बहुत बड़ी क्षति हुई है। कार्यकारी युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय ने कहा कि श्री पाराशर जी मेरे पितातुल्य थे सब उन्हें दादा कहकर बुलाते थे। मुझे उन्होंने हमेशा अपने बच्चे की तरह प्रेम दिया आज उनके जाने का बहुत दुख हुआ कभी नहीं सोचा था कि इस तरह दादा हम सभी को छोड़कर चले जायेंगे उनकी कमी हमें जीवनभर सतायेगी। श्री पाराशर जी के निधन पर भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भारद्वाज, श्याम सुंदर कटारे, इंजी. विजय शर्मा, रमेश पाठक, अवध बिहारी पाण्डेय, कृष्ण बिहारी पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा, दीपक चौधरी, के.जी. शर्मा, कमल किशोर जोशी, संजय पाठक, गिरिराज पाण्डेय, आलोक भारद्वाज, अवधेश शर्मा, राजीव बरुआ, आदित्य पुरोहित पुरखा, कृष्णा पुरोहित सहित कई समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया।

## गर्भवती महिला का रास्ते में हुआ प्रसव, डायल-100 ने प्रसूता व नवजात को पहुंचा अस्पताल



भिण्ड। जिला अस्पताल से दिखाकर लौट रही गर्भवती महिला का रास्ते में ही प्रसव हो गया। आनन फानन में प्रसूता महिला के पति ने डायल 100 नंबर पर कॉल कर अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई। डायल-100/112 सेवा ने प्रसूता और नवजात शिशु को जिला अस्पताल पहुँचाया ।

जिला भिंड के थाना कोतवाली के अंतर्गत हाथी गड्डा मेला ग्राउंड के पास रोड़ पर ही एक महिला का प्रसव हो गया है, महिला और बच्चे को अस्पताल ले जाने के लिए अन्य कोई साधन नहीं मिल रहा है , जल्द पुलिस सहायता की जरूरत है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 07-दिसम्बर 2021 को प्राप्त हुई । उक्त सूचना प्राप्ति पर भिंड जिले के डायल-100 वाहन क्र. 01 को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-100/112 एफ.आर.व्ही. मे तैनात आरक्षक फूल सिंह और पायलेट अर्जुन सिंह कुशवाह ने मौके पर पहुँच कर बताया की राहुल जाटव निवासी अंबेडकर नगर अपनी गर्भवती पत्नी को चिकित्सीय परामर्श हेतु जिला अस्पताल भिंड लेकर आये थे, चिकित्सीय परामर्श उपरांत वापस घर जाते समय रास्ते में महिला को असहनीय प्रसव पीड़ा होने लगी और महिला का प्रसव हो गया जहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया । डायल-100/112 जवानों द्वारा मानवता का परिचय देते हुए महिला और बच्चे को परिजनों के साथ जिला अस्पताल भिंड पहुँचाया जहाँ जच्चा बच्चा दोनों को समय पर उपचार मिला।

## एसपी से मिला पीडित परिवार न्याय की लगाई गुहार, एसपी ने न्याय दिलाने का दिया भरोसा



भिण्ड। मेहगांव तहसील में संतोष जैन पुत्र सुमेर चंद्र जैन निवासी गांधी रोड वार्ड क्र0 6/ मेहगांव का शव गत 29 नवम्बर 2021 को ग्वालियर रोड के किनारे पडा मिला पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की, मगर एक सप्ताह बीत जाने पर पुलिस आरोपियों का पता लगाने मे कामयाबी हासिल करने मे सफल नही हो सकी। परिजन लगातार पुलिस से न्याय की गुहार लगाते रहे। पुलिस की लचर कार्यवाही से दुखी परिजनों ने आज जिला पुलिस अधीक्षक के समक्षः भाजपा के नेता रबिसेन जैन के साथ मुलाकात की और आपबीती सुनायी। परिजनों मे म्रतक संतोष जैन की माँ व पत्नी बच्चों सहित उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने पीडित परिवार की दांस्ता सुनकर अबिलम्ब न्याय दिलाने का भरोसा दिया। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन दिया जिसमें पीड़िता ने बताया कि सुमेरचन्द्र जैन निवासी नगर पालिका के पास गांधी रोड बार्ड हत्या 29 नवम्बर से 30 नवम्बर 2021 की मध्य रात्रि में सडयंत्र पूर्वक हत्या कर पुत्र के शव को ग्वालियर रोड के किनारे फेंका गया था। पुत्र के रात्रि में घर न आने पर परिजनों द्वारा पुलिस थाना गेहगाँव में सूचना दी पुलिस ने उसी वक्त जानकारी दी कि ग्वालियर रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति का पड़ा है, और फोटो दिखाया फोटो को देखकर मेरे पुत्र संतोष जैन की पहिचान हुयी और मुझ प्रार्थिया व परिजन घटना स्थल पहुंचे जहाँ पर पुत्र मृत अवस्था में था उसके गले पर गला घोंटने के निशान थे व अन्य जगह चोट दिख रही थी, उसकी कार मेहगाँव गल्ला मंडी प्रांगण में खड़ी मिली। घटना के बाद पुलिस व्दारा पीएम कराया गया। पीड़िता ने आगे बताया कि मेरा पुत्र इकलौता या घर के कार्य और अपना खुद का व्यवसाय करता था। पुत्र की योजना बद्ध तरीके से हत्या कारित की गयी है। पुलिस द्वारा आज तक हत्यारों का न तो पता लगाया गया है। हत्या का राज आज भी राज ही बना हुआ है। प्रार्थिया व मेरा पूरा परिवार डरा हुआ व सदमे में है । पूरा परिवार का जीवन संकट में होकर जान का खतरा है प्रार्थिया के परिवार के साथ कोई बड़ी घटना घटित न हो जाये । पुत्र की हत्या कारित करने वाले आरोधियों को नामदर्ज कर दण्डित कराया जाना न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। वहीं पीड़िता के साथ आए भाजपा नेता रबिसेन जैन ने बताया कि संतोष जैन की हत्या रहस्यमय बनी हुई है सप्ताह बीत जाने पर भी पुलिस आरोपियों को तलाश नही कर सकी इसलिये आज हमे एसपी साहब से मिलकर अपनी पीडा जाहिर की है।

### इनका कहना हैः

1. एसपी साहब ने हमे भरोसा दिलाया है कि जल्द ही पीडित परिवार को न्याय मिलेगा।

**रबिसेन जैन भाजपा नेता भिडं**

2. संतोष जैन के परिजनों को जल्द न्याय मिलेगा,रहस्यमयी हत्याकांड का जल्द खुलासा होगा।

**शैलेंद्र सिह चौहान**
**पुलिस अधीक्षक भिंड**

## मंदिर में पूजा कर रही बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन चोरों ने उड़ाई

भिण्ड। शहर के प्रसिद्ध वनखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर रही महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। महिला ने कोतवाली पुलिस थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस के मुताबिक प्रगति विहार कॉलोनी गोला का मंदिर पर रहने वाली 60 वर्षीय उर्मिला पत्नी स्व. रामअवतार शर्मा शादी समारोह के चलते भिंड शहर में अपने रिश्तेदार के घर आई थी। यहां बुजुर्ग महिला भिंड के प्राचीन प्रसिद्ध वनखंडेश्वर महादेव मंदिर पूजा-अर्चना के लिए गई। दर्शन के दौरान बुजुर्ग महिला के गले किसी ने चोरी कर ली। जब महिला को गले से सोने की चेन गायब होने की जानकारी लगी। इसके बाद देर शाम को कोतवाली पुलिस थाना परिजनों के साथ पहुंची और फरियाद दर्ज कराई। पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर फरियाद दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीने के लिए रुपये न देने पर युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। आलमपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत एक युवक ने शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, इसी बात को लेकर रामवीर ने वीर बहादुर के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी युवक पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार वीर बहादुर पुत्र रामलखन राजावत निवासी सुन्दरपुरा, हाल कस्बा आलमपुर ने बताया रामवीरसिंह पुत्र मानसिंह चौहान निवासी वीरपुरा ने उससे शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया, इसी बात से नाराज होकर उसने गालियां देना शुरु कर दिया, जिसके बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### महिला के सर में मारी कुल्हाड़ी, तीन लोगों पर मामला दर्ज

भिण्ड। आलमपुर थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.7 में एक महिला के साथ तीन लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर गाली-गलौज किया और जान से मारने की नियत से ईंट का गुम्बा फेंककर मार दिया, जिसके बाद कुल्हाड़ी से बार कर दिया, जिससे महिला घायल हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार नाजिया बानो पत्नी शाहिद खान उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड क्र.7 ने बताया उसी मोहल्ला निवासी सन्नो पत्नी बरसात खान, अमन पुत्र बसारत खान, गोलू पुत्र बासारत खान ने एकराय होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इतना नही महिला के ईंट फेंककर मार दी, जिसके बाद कुल्हाड़ी से बार कर दिया जिससे उसके खून निकल आया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### कुशवाह कॉलोनी में चोरों ने एक मकान को बनाया निशाना

भिण्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र के कुशवाह कॉलोनी में स्थित एक मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर सोने-चांदी के गहने सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार सोमवार-मंगलवार की रात चोरों ने लोकेश पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी पावई हाल कुशवाह कॉलोनी जो किराए के मकान से रहता है और अपने मकान में ताला लगाकर कहीं चला गया था, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसके मकान में धाबा बोलकर गहने सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार कुल 60 हजार रुपये की चोरी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर युवक से लाठी-डंडों से मारपीट

भिण्ड। दबोह थाना क्षेत्र में दो युवकों ने एक युवक की घर में घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट का कारण पुराना विवाद बताया जा रहा है। दबोह थाना पुलिस दो युवकों पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक दबोह के वार्ड क्रमांक आठ में रहने वाले रामहेत पुत्र देवलाल धाकड का विवाद भारत सिंह और जागे खां से चला आ रहा है। पुरानी रंजिश के चलते एक बार दोनों पक्ष फिर से आमने सामने हो गया। इसी बात के चलते भारत

# 24 घंटे होने से पहले पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, चाचा ने भतीजी की गला दबाकर की हत्या



**देहात थाने में 5 दिसम्बर को दर्ज करायी गई थी गुमशुदगी दर्ज, क्वांरी नदी से पुलिस ने किया शव बरामद, आरोपी गिरफ्तार**

**फौज में आरोपी करता है नौकरी, संपत्ति के चलते भतीजी को उतारा गया मौत के घाट**

भिण्ड। शहर के पुलिस कंट्रोल रूप में मंगलवार शाम 4.15 बजे आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक आनंदराय एवं देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव ने 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि 5 दिसम्बर को देहात थाने में गुमशुदा प्रिया भदौरिया पुत्री 20 राजवीर सिंह भदोरिया उम्र 22 साल निवासी ग्रामकुआ की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके भाई गुमेन्द्र उर्फसागर भदौरिया के और से दर्ज करायी बताया कि 1 दिसम्बर करीब दोपहर 2 बजे में स्कूल से घर वापस आया तो मुझे मेरी बडी बहिन प्रिया घर पर नहीं मिली मैंने आसपास पता किया तो कोई पता नहीं चला तो मैंने अपनी बड़ी दीदी प्रिया के गुग होने की जानकारी गुना में रह रही बहिन चित्रा दीदी व मौसी ममता को दी थी कि 5 दिसम्बर को बहिन चित्रा और मौसी ममता गुना से आने पर बहिन चित्रा के साथ थाने पर आकर रिपोर्ट की थी। रिपोर्ट पर से गुम इंसान के 81/21 कायम कर जांच में लिया गया। जांच में प्रिया भदौरिया के छोटे तीनों भाई बहिन चित्रा भदौरिया सागर उर्फमुनेन्द्र सिंह भदौरिया, शिवम भदौरिया के कथन लिये तो जो कथनों में बताये कि मेरी बहन प्रिया पुत्री स्व राजवीर सिंह भदौरिया उम्र 22 साल को मेरे चाचा इंदल सिंह भदौरिया व्दारा बहन प्रिया को जबरन घर से गायब कर उसके साथ कोई घटना कर दी है संदेह जाहिर किया है उक्त कथनों व 365 भादवि का पाया जाने से अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गयी।

**पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लिया मामला**

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अंधे कत्ल को बड़ी गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे में मामले का खुलासा किया। अपहृत प्रिया भदौरिया की तलाश के हर संभव प्रयास किये गये। इन्हीं प्रयासों के दौरान संदेही आरोपी चाचा इंदल सिंह भदौरिया से पूछताछ की गयी जो पुलिस को कभी कुछ-कभी कुछ बताकर गुमराह करता रहा जब उससे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गयी तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि उसके भाई राजवीर की मृत्यु के बाद उनके चारों बच्चों प्रिया, चित्रा मुनेन्द्र व शिवम की देखभाल व पालन पोषण उसके द्वारा किया गया था। किन्तु बडी होने के बाद उसकी भतीजी प्रिया भदौरिया को जब भी वह उसके पिता के प्लाट बेचने की बात करता था तो वह हमेशा इंकार कर देती और बिना बताये घर से कई बार चली जाती थी। पूछने पर कभी भी सही बात नहीं बताती थी। विगत 30 नवम्बर 2021 को प्रिया को ग्वालियर में तीन लड़कों के साथ बलेनो कार में देखा था तब उससे मोबाइल फोन से पूछा कि प्रिया तुम कहां हो तब उसने द्य मुझसे झूठ बोला था बताया था कि मैं भिण्ड अस्पताल में दवा लेने आयी हूं। प्रिया के इस प्रकार घर से बिना बताये चले जाने से हम लोगों की काफी बदनामी हो रही थी और प्लाट नहीं बेचने देने के कारण आर्थिक परेशानी भी हो रही थी। इन्हीं कारणों से मैंने प्रिया की हत्या करने की ठानकर 01 दिसम्बर 21 को दिन के करीब 1.02 बजे प्रिया की हाथों से गला दबाया बाद रस्सी से गला घोट कर हत्या कर दी और हत्या करने के बाद उसकी लाश को अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में डालकर ग्राम जवासा गईयर बाबा मन्दिर के नीचे क्वारी नदी में प्रिया के शव को पतले कम्बल में बड़े पत्थर के साथ बांधकर फेंक दिया था।

**हत्या के साक्ष्य छुपाने आरोपी ने किये प्रयास**

आरोपी के द्वारा प्रिया की हत्या को छिपाने के लिये दिनांक 1 दिसम्बर की शाम को अपने दोनों भतीजें सागर व शिवम को प्रिया के संबंध में गुमराह करके अपने घर ग्वालियर ले गया था। बाद में 4 दिसम्बर को गुना से ममता भाभी और भतीजी चित्रा आरोपी के घर ग्वालियर आ गयी थी। डेढ-दो घण्टे रुकने के बाद ममता व चित्रा यस से भिण्ड के लिये निकल गयी थोड़ी देर बाद आरोपी इंदल सिंह अपने दोनों भतीजों को साथ लेकर भिण्ड आ गया था और अपने माता-पिता व भाई-बहनों को प्रिया के संबंध में गुमराह किया कि प्रिया पहले भी बिना बताये घर से चली जाती थी और अभी भी कहीं चली गयी होगी। दो चार दिन में वापस आ जावेगी। चित्रा को अपने चाचा इन्दल पर शक होने से थाने पर प्रिया के गुम होने की सूचना देने से आरोपी गुमशुम सा रहने लगा था। आरोपी के द्वारा बतायी गयी जानकारी पर से घटना स्थल पर पहुंचकर आरोपी की निशादेही पर क्वारी नदी से गोताखोरों की मदद से प्रिया के शव को निकाला गया जो एक पतले कम्बल में मय पत्थर के बंधा मिला था आरोपी इन्दल भदौरिया द्वारा मृतिका प्रिया भदौरिया की गला घोंटकर हत्या कर उसके शव को पत्थर के साथ कम्बल में बांधकर नदी में फेंकना स्वीकार किया गया।

## ममता के मन में क्या

किसी समय यूपीए का हिस्सा रह चुकीं ममता बनर्जी अब साफ संकेत दे रही हैं कि वे ना तो स्वयं कांग्रेस का नेतृत्व मंजूर करेंगी और बल्कि दूसरी पार्टियों को भी कांग्रेस की तरफ जाने से रोकने के लिए अपना हरसंभव प्रयास करेंगी। जानकार कहते हैं, इसलिए ममता ने यूपीए के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिया है ताकि क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस से छिटक कर उनकी तरफ आ जाएं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने एनसीपी नेता शरद पवार से मिलने के बाद कहा कांग्रेस नेतृत्व वाला यूपीए (यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस) गठबंधन अब कहां है। यह खत्म हो चुका है। उससे पहले ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए कहा %कुछ ऐसी पार्टियां और लोग हैं जो कुछ नहीं करते हैं। आधा समय तो वो विदेश में गुजारते हैं'। हालांकि कांग्रेस उनके इस बयान पर हमलावर हो गई है और कहा है कि कांग्रेस के बिना भाजपा का मुकाबला नहीं किया जा सकता। यूपीए को लेकर दिया ममता बनर्जी का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि ममता बनर्जी खुद को विपक्ष के नेता के तौर पेश कर रही हैं और दूसरी क्षेत्रीय पार्टियों को इसके लिए लामबंद कर रही हैं। ममता की मुंबई यात्रा और शिवसेना और एनसीपी नेताओं से उनकी मुलाकात इसी रणनीति का एक हिस्सा है। राजनीति के जानकार यह कहते हैं कि ममता अपनी सियासी पटकथा इस तरह लिख रही हैं कि वे कांग्रेस को पूरी तरह किनारा करके कांग्रेस का विकल्प बनना चाहती हैं। वे बार-बार इस बात पर जोर दे रही हैं कि कांग्रेस भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है इसलिए क्षेत्रीय ताकतों के लिए वे ही एक विकल्प हैं। ममता बनर्जी अपने सियासी करियर के सबसे कठिन चुनावों में से एक को जीतने के बाद सबसे मजबूत विपक्षी चेहरे के रूप में उभरी हैं। ऐसे में उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाने के तौर पर भी देखा जा रहा है। मिशन 2024 के तहत ममता की नजर पीएम की कुर्सी पर तो है लेकिन, ये यह बात भी उन्हें पता है कि कांग्रेस को किनारे रखते हुए आम सहमति बना पाना टेढ़ी खीर है। ममता साफ संदेश दे रही हैं कि अभी अगर विपक्ष एकजुट नहीं हुआ तो फिर भाजपा का मुकाबला करना आसान नहीं होगा। हालांकि, ममता से जब सवाल किया गया कि 2024 में विपक्ष का नेता कौन होगा तो उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। इतना ही कहा, मैं ज्योतिषी नहीं हूं। इससे जाहिर होता है कि विपक्षी एकता का चेहरे को लेकर कशमकश बना हुआ है। ममता के फॉर्मूले को सोनिया गांधी स्वीकार करती हैं तो कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की मर्जी पर निर्भर रहेगी। ऐसे में सवाल उठता है कि कांग्रेस अगर इस फॉर्मूले को मान भी लेती है तो उसे सियासी तौर पर फायदा क्या होगा। कांग्रेस अगर लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों की जूनियर पार्टनर की तरह रही तो उसके रिवाइवल की उम्मीदें हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगी। कांग्रेस अपने भविष्य को लेकर ये जोखिम मोल लेगी ऐसा लगता नहीं है। दरअसल कांग्रेस भी इन्हीं क्षत्रपों को 2024 में एकजुट करके मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने की कवायद कर रही है लेकिन कांग्रेस जूनियर पार्टनर के तौर पर नहीं बल्कि गठबंधन के सबसे मजबूत दल के रूप में इसकी अगुवाई करना चाहती है। ऐसे में कांग्रेस के मंसूबों से उलटा ममता का फॉर्मूला है। जाहिर है कांग्रेस के लिए इसे स्वीकारना आसान नहीं होगा। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी भी विपक्ष का चेहरा बनने के लिए सक्रिय हैं। संसद में मोदी सरकार को घेरने के लिए पिछले दो दिनों में वह विपक्षी दलों की बैठक कर संसद में घेरते नजर आए हैं।

# विनोद दुआ: जिन्होंने दिया हिन्दी टीवी पत्रकारिता को नया आयाम

**योगेश कुमार गोयल**

हिन्दी पत्रकारिता का जाना-पहचाना चेहरा रहे विख्यात पत्रकार विनोद दुआ का 4 दिसम्बर को लंबी बीमारी के बाद 67 साल की उम्र में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वे काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कोरोना की दूसरी लहर में इसी साल अप्रैल माह में उन्हें तथा उनकी 56 वर्षीया रेडियोलॉजिस्ट पत्नी डा. पद्मावती चिन्ना को कोरोना होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जून माह में कोरोना से पत्नी का निधन होने के बाद उनकी हालत में भी कोई खास सुधार नहीं आया और उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराया गया। विनोद दुआ के निधन पर भारत के पूरे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ने के पीछे अहम कारण यही है कि आधुनिक पत्रकारिता के मौजूदा दौर में भी अपनी बेहद शालीन और शिष्ट पत्रकारिता के लिए जाने जाते रहे दुआ को अपने युग के पत्रकारों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता रहा। निर्भीक, निडर और असाधारण पत्रकारिता के लिए मशहूर विनोद दुआ हिन्दी टीवी पत्रकारिता में अग्रणी थे। उन्होंने टीवी पत्रकारिता में ब्लैक एंड व्हाइट टेलीविजन के उस दौर में कदम रखा था, जब टीवी की दुनिया केवल दूरदर्शन तक ही सिमटी थी और धूमकेतु की भांति टीवी पत्रकारिता में उभरने के बाद वे जीवन पर्यन्त टीवी पत्रकारिता में जगमगाते रहे।

दूरदर्शन, एनडीटीवी, आज तक, जीटीवी इत्यादि कई समाचार चैनलों में लंबे समय तक सेवाएं दे चुके दुआ दिल्ली की शरणार्थी कालोनियों से शुरुआत करते हुए न केवल 42 वर्षों तक पत्रकारिता की उत्कृष्टता के शिखर तक बढ़ते गए बल्कि सदैव सच के साथ खड़े रहे। दूरदर्शन की ओर से 1984 के दौरान आयोजित जीवंत चुनावी चर्चा ने उनके कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। चुनाव परिणामों के विश्लेषण के दौरान एनडीटीवी के प्रणय रॉय के साथ उनकी जोड़ी ने पूरे देश को मंत्रमुग्ध सा कर दिया था, जिसके बाद धीरे-धीरे विनोद दुआ की लोकप्रियता बढ़ती गई। वे ऐसे बेखौफ पत्रकार थे, जो अपने कार्यक्रम में सत्ताधीशों से बड़े तीखे सवाल पूछा करते थे। दूरदर्शन के 'जनवाणी' कार्यक्रम में वे जिस प्रकार मंत्रियों से कड़े सवाल पूछते हुए उन पर टिप्पणियां भी करते थे, उस जमाने में ऐसी कल्पना करना भी नामुमकिन सा लगता था। टीवी पत्रकारिता में सवाल पूछने की यात्रा की पहचान उन्हीं से बनती है और इसी विशिष्ट पहचान के साथ उनकी पत्रकारिता जीवन पर्यन्त जुड़ी रही। आज के दौर में जहां टीवी पत्रकारिता में बहुत से एंकर और पत्रकार सत्ता की चाटुकारिता करते दिखते हैं, वहीं विनोद दुआ ऐसे बेबाक और बेखौफ पत्रकार थे, जो सत्ता से टकराने में भी कभी नहीं घबराए। कुछ समय पूर्व सत्ता पक्ष के एक नेता द्वारा उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किए जाने पर भी उन्होंने बगैर घबराए उस मामले में सुप्रीम कोर्ट से जीत हासिल की।



विनोद दुआ के माता-पिता भारत-पाक विभाजन से पहले तक दक्षिण वजीरिस्तान के एक छोटे से शहर डेरा इस्माइल खान में रहते थे लेकिन विभाजन के बाद वे परिवार सहित मथुरा आ गए थे। वहीं वर्ष 1954 में विनोद दुआ का जन्म हुआ। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक और परास्नातक किया। 1974 में वह पहली बार टेलीविजन पर नजर आए, जब उन्होंने 'युवा मंच' नामक कार्यक्रम होस्ट किया। उसके बाद 1975 में 'युवजन' कार्यक्रम से वे काफी लोकप्रिय हुए और उसी वर्ष वे 'जवान तरंग' कार्यक्रम से भी जुड़े, जिसके लिए वे वर्ष 1980 तक कार्य करते रहे। 1980 के दशक में उन्होंने थिएटर भी किए। श्रीराम सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर के सूत्रधार कठपुतली ने उस समय बच्चों के लिए दो नाटक आयोजित किए थे, जिन्हें विनोद दुआ ने ही लिखा था। 1981 में उन्होंने 'आपके लिए' कार्यक्रम में एंकरिंग शुरू की और 1984 तक इसकी एंकरिंग करते रहे। वर्ष 1992 से 1996 तक वे दूरदर्शन पर प्रसारित करंट अफेयर्स की साप्ताहिक पत्रिका 'परख' के निर्माता थे, जिससे उन्हें अपार ख्याति मिली।

चुनाव विश्लेषणों के अलावा 'जनवाणी', 'खबरदार इंडिया', 'विनोद दुआ लाइव', 'जन गण मन की बात', 'चक्रव्यूह', 'युवा मंच', 'प्रतिदिन', 'परख', 'जायका इंडिया का' इत्यादि विनोद दुआ के कई ऐसे कार्यक्रम रहे, जो बहुत चर्चित हुए। एनडीटीवी के लिए उनका पाक कार्यक्रम 'जायका इंडिया का' तो बेहद लोकप्रिय हुआ, जिसमें उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों तथा कस्बों की अलग-अलग खाद्य संस्कृतियों की खोज की थी। हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा पंजाबी और उर्दू भाषाओं पर उनकी मजबूत पकड़ थी लेकिन उन्होंने न केवल हिन्दी टीवी एंकर के रूप में अपनी पहचान स्थापित की बल्कि उन्हीं के चलते टीवी पर हिंदी पत्रकारिता पहली बार जगमगाई थी। सटीक, संक्षिप्त, शालीन और नपे-तुले शब्दों का इस्तेमाल कर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने वाले दुआ साहब की सबसे बड़ी खासियत थी उनकी त्वरित अनुवाद की क्षमता, जो उनकी एंकरिंग में सोने पे सुहागा सिद्ध हुई और वे सदैव एक श्रेष्ठ प्रस्तोता बने रहे। उन्हें लाइव प्रसारण का उस्ताद माना जाता था।

हिन्दी पत्रकारिता को एक अलग पहचान दिलाने वाले विनोद दुआ को श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए अनेक पुरस्कारों के नवाजा गया। वर्ष 1996 में उन्हें विशिष्ट पत्रकारिता के लिए रामनाथ गोयनका पुरस्कार से सम्मानित किया गया और वह पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के पहले पत्रकार थे। उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए वर्ष 2008 में उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2016 में आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा उन्हें डी.लिट की उपाधि दी गई और मुम्बई प्रेस क्लब द्वारा वर्ष 2017 में उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए 'रेड इंक अवार्ड' देकर सम्मानित किया। लंबी बीमारी के चलते विनोद दुआ का इस तरह चले जाना वास्तव में हिन्दी टीवी पत्रकारिता के एक पूरे युग का अंत है। बहरहाल, टीवी पत्रकारिता की पहली पीढ़ी के एंकर विनोद दुआ को हिन्दी पत्रकारिता के जरिये हिन्दी को लोकप्रियता और पर्याप्त मान-सम्मान दिलाने वाले बेबाक पत्रकार के रूप में सदैव स्मरण किया जाता रहेगा।

## ईश्वर का दोस्त

एक संत ने एक रात स्वप्न देखा कि उनके पास एक देवदूत आया है। देवदूत के हाथ में एक सूची थी। उसने कहा, यह उन लोगों की सूची है, जो प्रभु से प्रेम करते हैं। संत ने कहा, मैं भी प्रभु से प्रेम करता हूं। मेरा नाम तो इसमें अवश्य होगा। देवदूत बोला, नहीं, इसमें आप का नाम नहीं है। संत उदास हो गए। फिर उन्होंने पूछा, इसमें मेरा नाम क्यों नहीं है? मैं ईश्वर से ही प्रेम नहीं करता बल्कि गरीबों से भी प्रेम करता हूं। मैं अपना अधिकतर समय निर्धनों की सेवा में लगाता हूं। उसके बाद जो समय बचता है उसमें प्रभु का स्मरण करता हूं। तभी संत की आंख खुल गई। दिन में वह स्वप्न को याद कर उदास थे। एक शिष्य ने उदासी का कारण पूछा तो संत ने स्वप्न की बात बताई और कहा, लगता है सेवा करने में कहीं कोई कमी रह गई है। दूसरे दिन संत ने फिर वही स्वप्न देखा। वही देवदूत फिर उनके सामने खड़ा था। इस बार भी उसके हाथ में कागज था। संत ने बेरुखी से कहा, अब क्यों आए हो मेरे पास? मुझे प्रभु से कुछ नहीं चाहिए। देवदूत ने कहा, आपको प्रभु से कुछ नहीं चाहिए, लेकिन प्रभु का तो आप पर भरोसा है। इस बार मेरे हाथ में दूसरी सूची है। संत ने कहा, तुम उनके पास जाओ जिनके नाम इस सूची में हैं। मेरे पास क्यों आए हो? देवदूत बोला, इस सूची में आप का नाम सबसे ऊपर है। यह सुन कर संत को आश्चर्य हुआ। बोले, क्या यह भी ईश्वर से प्रेम करने वालों की सूची है। देवदूत ने कहा, नहीं, यह वह सूची है जिन्हें प्रभु प्रेम करते हैं। ईश्वर से प्रेम करने वाले तो बहुत हैं, लेकिन प्रभु उसको प्रेम करते हैं जो गरीबों से प्रेम करते हैं। प्रभु उसको प्रेम नहीं करते जो दिन रात कुछ पाने के लिए प्रभु का गुणगान करते रहते हैं।

## भारतीय पराग और महक अमेरिका में

**अरुण नैथानी**

दुनिया की चोटी की टेक्नोलॉजी कंपनियों में भारतीय प्रतिभाओं के वर्चस्व की पराकाष्ठा नजर आती है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अडोबी, आईबीएम, पालो ऑल्टो, नेटवर्क्स और ट्विटर के सीईओ भारत में पले-बढ़े हैं और अमेरिका में जाकर महके हैं। जो यह भी बताता है कि हम अपनी प्रतिभाओं को सहेजने का वातावरण विकसित नहीं कर पाये हैं। उन्हें वह वातावरण नहीं दे पाये, जिसमें वे अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें और अपने सपनों में रंग भर सकें। इस कड़ी में नया नाम पराग अग्रवाल का है जो दुनिया में धूम मचाने वाली टेक्नोलॉजी कंपनी ट्विटर के सीईओ बने हैं।

कितनी महत्वपूर्ण बात है कि पराग अग्रवाल ट्विटर के सह-संस्थापक और अब तक सीईओ रहे जैक डोर्सी का स्थान लेंगे, जिन्होंने पिछले दिनों इस पद से इस्तीफा दिया है। अजमेर मूल के और आईआईटी मुंबई की प्रतिभा पराग की मेधा से ट्विटर एक दशक से महक रहा है। अगर भारतीय प्रतिभाएं अपने सपने पूरा करने यदि अमेरिका जाती हैं तो इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि वहां वह वातावरण है जो प्रतिभाओं की कद्र करता है। बड़े अधिकारी को लगता है कि उसके अधीनस्थ में प्रतिभा और योग्यता है तो उसके लिये स्थान छोड़ने का दमखम अमेरिकी लोगों में है। अन्यथा भारत में तमाम प्रतिभाएं घुटन, राजनीति व संकीर्णताओं के चलते दम तोड़ देती हैं। पराग अग्रवाल को नयी जिम्मेदारी सौंपते हुए जैक डोर्सी ने ट्वीट किया- 'यह मेरे जाने का समय है। हमारी कंपनी के बोर्ड ने सारे विकल्प खंगालने के बाद सर्वसम्मति से पराग के नाम पर सहमति जतायी है। वे कंपनी व कंपनी की जरूरतों को काफी गहनता से समझते हैं। कंपनी के हर फैसले के पीछे पराग रहे हैं। वे बहुत उत्सुक, खोजबीन करने वाले, तार्किक, रचनात्मक, महत्वाकांक्षी, जागरूक और विनम्र हैं। वे दिल और आत्मा से टीम का नेतृत्व करते हैं। मैं उनसे रोज सीखता हूं। सीईओ के रूप में उन पर मैं भरोसा कर सकता हूं। मैं कंपनी के बोर्ड में रहकर पराग की मदद करूंगा। मैं पराग को नेतृत्व करने का मौका देना चाहता हूं।' पराग अग्रवाल का दुनिया के बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का सीईओ बनने से भारत में खासा उत्साह है और वे परंपरागत व सोशल मीडिया पर छाये हुए हैं। वे उन करोड़ों भारतीय युवाओं के लिये भी प्रेरणापुंज हैं जो टेक्नालॉजी के क्षेत्र में अपने सपनों में रंग भरना चाहते हैं।

लेकिन शिखर पर पहुंचना जितना कठिन होता है वहां टिके रहना और भी मुश्किल। छिद्रान्वेशियों ने उनके ग्यारह साल पुराने एक ट्वीट को ढूंढ़ निकाला, जिसमें उन्होंने किसी कॉमेडी शो के बाबत एक तार्किक टिप्पणी की थी। हालांकि, वे उस समय ट्विटर में नहीं थे और तभी उस टिप्पणी की वास्तविकता से बयां कर दिया था। लेकिन अब उस ट्वीट की बाल की खाल निकालकर पराग अग्रवाल और ट्विटर पर हमले बोले जा रहे हैं। उसकी अपनी सुविधा से व्याख्या की जा रही है। ट्वीट के तुरंत बाद ही पराग ने स्पष्ट कर दिया था कि यह बात कॉमेडियन आसिफ मांडवी ने डेली शो के दौरान कही थी, जिसे उन्होंने ट्वीट किया था। इस शो में काले लोगों के अधिकारों के बारे में बात हो रही थी। तब उन्होंने कहा था कि यदि वे मुस्लिम और चरमपंथियों के बीच अंतर नहीं करते तो मुझे गोरे लोगों और नस्लवादियों में फर्क क्यों करना चाहिए? वहीं एक ट्विटर यूजर सिराज हाशमी ने लिखा है कि स्पष्ट है कि पराग इस धारणा से सहमत हैं कि सभी मुस्लिम चरमपंथी नहीं होते और न ही सभी गोरे नस्लभेदी होते हैं। बहरहाल, पराग अग्रवाल की कामयाबी चमत्कारिक और प्रेरणादायक है। अजमेर के एक सामान्य परिवार में जन्मे और मुंबई में पले-बढ़े पराग ने इस कामयाबी के लिये कड़ी मेहनत की। अजमेर के धान मंडी मोहल्ले में रहने वाले पराग पर अब धन बरस रहा है और उन्हें साढ़े सात करोड़ का वार्षिक पैकेज व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। एक वक्त ऐसा था कि बीएमआरसी मुंबई में काम करने वाले उनके पिता रामगोपाल अग्रवाल के पास पराग के जन्म के समय पत्नी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करने के पैसे नहीं थे। फिर उनका जन्म अजमेर के सरकारी अस्पताल जेएलएन में हुआ। उनकी मां एक शिक्षिका हैं। वे बताती हैं कि उसे अजमेर के व्यंजन, नमकीन व मिठाई बेहद पसंद है। वह मुंबई में आईआईटी की पढ़ाई के दौरान भी अजमेर से कढ़ी-पकोड़ी मंगवाया करते थे।

# वायरस के नये रूपांतरण की चुनौती

### सूडोकु नवताल- 5915

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5914 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

**दिनेश सी. शर्मा**

पिछले सप्ताह, जब से कोरोना वायरस के नये रूप की पुष्टि हुई है, पूरी दुनिया में चिन्ता की लहर दौड़ गई है। गत 9 नवम्बर को बी.1.1.529 नामक इस रूपांतर के पहले मामले का दक्षिण अफ्रीका को जब पता चला, वह पहले ही डेल्टा वेरियंट से बने केसों की भरमार से जूझ रहा था। 24 नवम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन को यह नया रूपांतर सूचित किया गया। इस वैश्विक मंच ने 26 नवम्बर को सार्स कोव-2 पर बनाए तकनीकी सलाहकार समूह की बैठक बुलाई। यह माहिरों का स्वतंत्र समूह है, जिसको वायरस के क्रमिक विकास, उससे बनते एक अथवा ज्यादा परिवर्तनों, निगरानी और असरात का आकलन करना सौंपा गया है। उपलब्ध सबूतों एवं डाटा के आधार पर और जिस तरह वायरस संरचना में बदलावों के बाद दक्षिण अफ्रीका के लगभग सभी प्रांतों से काफी संख्या में केस सामने आए हैं, इसे ओमीक्रॉन नाम देते हुए 'चिंता का विषय' श्रेणी में रखा गया। समूह के त्वरित निर्णय ने दुनियाभर में खलबली और घबराहट पैदा कर दी, शेयर बाज़ार में उथल-पुथल मची और कई देशों ने अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही पर प्रतिबंध एवं निर्देशावली जारी कर दी है। जिस फुर्ती से स्वास्थ्य एजेंसियों को नये रूपांतर का पता चलते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की समिति ने डाटा विश्लेषण किया है, वह तंत्र की सजगता दर्शाता है। नये वेरियंट को शिनाख्त सामान्य पीसीआर परीक्षण के दौरान हुई है। पॉजिटिव मामलों के सैम्पलों का टेस्ट करते वक्त लैबोरेटरियां वायरस की जिन तीन जीन्स पर मुख्य ध्यान केंद्रित रखती हैं, उनमें एक गायब है। यह कई जगह हुआ। जीनोम सिक्वेंसिंग ने स्पाइक प्रोटीन में हुए परिवर्तन की तस्दीक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिस विशेषज्ञ समूह ने विश्लेषण किया है, उसके अध्यक्ष भारतीय वैज्ञानिक प्रो. अनुराग अग्रवाल हैं, वह नयी दिल्ली स्थित सीएसआईआर के इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटिग्रेटिव बायोलॉजी के निदेशक हैं। बेशक इस समूह ने ओमीक्रॉन के शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को चकमा देने वाला, अतिसंक्रामक और खतरनाक होने का अंदाज़ा लगाया है, किंतु साथ ही चेताया है कि इस आकलन के बारे में अभी काफी अनिश्चितता है। इसमें संशय अनेकानेक हैं। पहला, इसकी प्रसार क्षमता को लेकर है। बेशक इसका अनुवांशिक तंत्र संकेत देता है कि यह डेल्टा वेरिएंट से ज्यादा संक्रामक हो सकता है, लेकिन फिलहाल मामलों की संख्या कम होने से कुछ पक्का नहीं है। हालांकि, जीनोमिक डाटा भी बताता है कि ओमीक्रॉन रोग-प्रतिरोधकता क्षमता को चकमा दे सकता है यानी टीकाकृत हुआ इंसान भी प्रभावित हो सकता है। यहां पुनः असमंजस है, क्योंकि हर वैक्सीन से अलग रोग-प्रतिरोधकता बनती है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि शायद निष्क्रिय वायरस से बनी वैक्सीन कारगर हो क्योंकि एमआरएनए वैक्सीन शरीर की रोग-प्रतिरोधक प्रतिक्रिया को उसके वंशानुक्रम के प्रति भी क्रियाशील कर देती है। किंतु ठोस सबूतों के अभाव में यह कहना फिलहाल समझ के हिसाब से लगाए गए कयास हैं। ओमीक्रॉन के बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी है।

हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ने सबसे पहले ओमीक्रॉन को उजागर किया है, कदाचित यह अन्य देशों में भी मौजूद होता, जहां शिनाख्त नहीं हुई थी। सबसे बड़ी अनिश्चितता शरीर पर ओमीक्रॉन के असर को लेकर है। क्या बीमारी नरम रहेगी, जिसमें अस्पताल में भरती होने और ऑक्सीजन लगाने की नौबत न बने? क्या ओमीक्रॉन खुद महामारी की दिशा बदल देगा? हमें ओमीक्रॉन की संरचना के बारे में अब काफी पता है, लेकिन इससे पैदा बीमारी, तीव्रता, शरीर की रोग-प्रतिक्रिया, एंडीबॉडी मारक क्षमता के बारे में ज्यादा मालूम नहीं है।

यही वजह है कि ओमीक्रॉन संबंधित दुविधा से राष्ट्रों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य तंत्र और लोगों के सामने गंभीर चुनौती बनी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने देशों को सतर्कता बरतने, परीक्षण बढ़ाने और अन्य वैज्ञानिकों से डाटा साझा करने को कहा है ताकि रूपांतरों से बेहतर ढंग से निपटा जा सके। किन्हीं इलाकों में बढ़ते मामलों का तुरंत संज्ञान लेना, अध्ययन और वास्तविक समय में टेस्ट करने पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अभी आवागमन प्रतिबंध लगाने की सलाह नहीं दी है, किंतु अनेक देशों ने ओमीक्रॉन के आरंभिक मामलों वाले देशों से आने वाली उड़ानों को वर्जित कर दिया है। विडंबना है कि यह ऐसे वक्त पर करना पड़ा है जब अधिकांश देश सामान्य अंतर्राष्ट्रीय आवागमन बहाल करने जा रहे थे।

## झूठे लव जिहादों से प्रेम व्यवहार पर फर्क नहीं...!

**नईम कुरेशी**

एक दार्शनिक ने कहा है कि खुशी एक तोहफा है जिसकी उम्मीद नहीं की जा सकती। जब भी मिल जाए तब आनंद ले लेना चाहिये। आज हमारे देश में सभी गरीबों, दलितों व पिछड़ों पर आफत बरपाई जा रही है जो सियासतदानों की चालबाजियों का नतीजा है। महंगाई, बेरोजगारी, नफरतें फैलाकर माहौल खराब करने से देश में चारों तरफ बुरा हाल है। सभी तरफ दलित पिछड़ों को केन्द्र बनाकर उनकी जानें ली जा रही हैं। कम्युनिष्ट व समाजवादी, गांधीवादी लगभग दूर-दूर तक लापता हो चुके हैं। चन्द सियासतदां जो गांधीवाद पर कुछ चलने की कोशिशें करते दिखाई देते हैं उनके पीछे चलने वालों की भीड़ कम जरूर हो गई है पर वो अभी भी बहादुरी से खड़े हैं। संघ परिवार के तमाम शर्मा, मिश्रा, तिवारी लोग गांधीवादी, गरीबों के लिये बोलने वालों को डराते धमकाते दिखाई दे रहे हैं।

लव जिहाद की आड़ में दलित व पिछड़ों को डराया जा रहा है। दलित चिंतक कमल भारती के अनुसार लव जिहाद मुसलमानों के खिलाफ न होकर सिर्फ दलितों के खिलाफ है। दलित व मुस्लिम बस्ती में रहने वाले दलित व पिछड़े मुसलमान एक न होकर संगठित न हो जायें, आपसी प्रेम भाव से विवाह सम्बन्ध न बना लें उन्हें ÷लव जिहाद में फंसाकर जेलों में डाल दो जिससे सभी दलित भाई भंगी, मेहतर या चमार, कोली बने रहें व पंडित जी व सेठ जी का मौजमस्ती भरा एजेंडा चालू रहे व मुंख से पेट से पैदा होने वालों की विचारधार बनाई रखी जा सके। विज्ञान से इलाज न हो भभूत लगाकर इलाज जारी रहे। लव जिहाद जो महज प्रेम विवाह होता है उसे जुर्म बनाने के पीछे संघ परिवार दुश्मनी बनाये रखना चाहता है जिससे 5 फीसद लोग सत्ता की 60 फीसद कुर्सियों पर बने रहें। शिवराज सिंह म.प्र. में व योगी आदित्यनाथ संघ परिवार का ऐजेन्डा कुछ लागू जरूर करते दिखाई दे रहे हैं फिर भी पिछड़े व दलित उनकी चालें अब अच्छी तरह से समझ गये हैं। यदि म.प्र. में कांग्रेस गांधीवादी विचारों पर चलने लगे व यू.पी. में अखिलेश यादव व उनके साथी कुछ कुछ गांधीवादी समाजवादी विचारों पर चलने लगें तो संघ व भा.ज.पा. का गोडसेवाद जरूर परास्त हो सकता है। कहीं-कहीं बिहार, यू.पी., राजस्थान व एम.पी. दलितों पिछड़ों ने अपनी एकता अच्छे ढंग से बना ली है जिससे केरला व बंगाल जैसा सामाजिक न्याय के विचार जरूर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। मीडिया व पूंजीपति जरूर संघ परिवार के साथ दिखाई दे रहे हैं।

# सत्र न्यायालय ने अपर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को पलटा, नकली दूध कारोबारी पर दो लाख का अर्थदंड



**मुरैना।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जौरा तहसील के चचिहा गांव से एक नकली दूध बनाने वाले मनोज जादौन के यहां से भारी मात्रा में केमिकल रिफाइंड मिल्क पाउडर आदि जप्त किया था और खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नमूने लेकर उन्हें प्रयोगशाला भोपाल भेजा। वहां से प्राप्त रिपोर्ट को अपर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन नहीं पाया और अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया, जिस की अपील अभियोजन द्वारा जिला सत्र न्यायालय खंड मुरैना में की गई। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए जिला सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन ने अपर जिला मजिस्ट्रेट के पारित आदेश को निरस्त कर अभियुक्त को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन करने हेतु दोषसिद्ध घोषित किया तथा उस पर दो लाख रुपए का अर्थदंड लगाया।

गौरतलब है कि अभियुक्त मनोज जादौन के यहां एसडीएम जौरा, एसडीओपी, नायब तहसीलदार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छापा मारा गया और डेयरी पर से नकली दूध बनाने का सामान तथा उपकरण बरामद किए गए। इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा देरी से लिए गए नमूनों को डाक से प्रयोगशाला भोपाल भेजा। अभीहित अधिकारी जिला मुरैना ने जांच रिपोर्ट से अवगत कराया कि ग्लूकोज पाउडर तथा अज्ञात केमिकल के नमूने डेयरी हेतु अप द्रव्य पाए गए है अभीहित अधिकारी की अनुमति से अभियुक्त मनोज सिंह जादौन के विरुद्ध अभियोग पत्र अपर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 (2) का उल्लंघन नहीं होना पाते हुए अभियुक्त को दोषमुक्त किया। उक्त आदेश से व्यथित होकर अभियोजन द्वारा खाद्य सुरक्षा अपील अधिकरण जिला सत्र न्यायालय सत्र खंड मुरैना में अपील की गई, जहां लोक अभियोजक महेंद्र अग्रवाल द्वारा अभियोजन की तरफ से पैरवी की गई। जिला सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन द्वारा प्रकरण के गुण दोष पर विचार कर पाया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अभियुक्त के आधिपत्य से जप्त सुधा नमूना प्राप्त किया गया एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा परिवाद पत्र के साथ कार्यवाही से संबंधित पंचनामा एवं अन्य दस्तावेज अभियुक्त के विरुद्ध अभियोजन चलाने की स्वीकृति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। माननीय न्यायाधीश ने कहा कि परिवादी द्वारा अपने परिवाद पत्र के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। परिवादी खाद्य सुरक्षा अधिकारी होकर शासकीय कर्मचारी है तथा अभियुक्त द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी से कोई रंजिश है ऐसा भी प्रमाणित नहीं हुआ। न्यायालय ने श्रीमती सविता सक्सेना खाद्य सुरक्षा अधिकारी के तार्किक परसाक्ष्य अविश्वसनीय मानने का कोई कारण दृष्टिगत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अभियोजन पक्ष इस तथ्य को भलीभांति प्रमाणित करने में सफल रहा है कि अभियुक्त के आधिपत्य से लिए गए नमूने की जांच लोक विश्लेषक भोपाल से कराए जाने पर ग्लूकोस पाउडर तथा अज्ञात केमिकल के नमूने डेयरी हैतु अपद्रव्य पाय गए हैं। उक्त मामले में न्यायाधीश ने अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर अपना फैसला सुनाया।

## डेएनयूएलएम अंतर्गत गठित समूह की महिलाएं कर रही है छोटे-छोटे रोजगार स्थापित

### समूह की महिलाएं बैंकों से ऋण प्राप्त कर हो रही है अपने पैरों पर खड़ी



**मुरैना।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वः सहायता समूहों की महिलाओं को बैंकों से कैश क्रेडिट लिमिट टर्म लोन प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ी हो रही है तथा छोटे-छोटे रोजगार उद्योग लगाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। जिला प्रबंधक रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत स्व-सहायता समूह का गठन बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को जोड़कर किया जाता है और समूह की महिलाओं को समय-समय पर परीक्षणों के माध्यम से लघु उद्योग रोजगार स्वरोजगार की भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि जो समूह 6 माह पूर्व के गठित है उन्हें बैंकों द्वारा कैश क्रेडिट लिमिट लोन भी दिया जाता है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शिव बाबा और हनुमान भोलेनाथ स्व-सहायता समूह रामनगर को रोजगार हेतु द्वारा प्रदान किया गया है भोलेनाथ स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा द्वारा बताया गया कि समूह के माध्यम से जो लोन उन्हें बैंक द्वारा दिया गया है, उस लोन से समूह का व्यवसाय आरंभ करेगीं जिससे कि वह आर्थिक लाभ कमा कर अपने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचा सकें। इस संबंध में जिला प्रबंधक रहीम चौहान ने बताया कि समूह की महिलाओं को रोजगार स्वरोजगार उद्योग स्थापित करने हेतु समय- समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

## जनता का सत्याग्रहः आवास और पट्टे की मांग को लेकर सबलगढ़ और कैलारस नगरपालिकाओं पर दिया, माकपा ने ज्ञापन



**सबलगढ़/कैलारस।** सभी आवासहीनों को आवास देने और शासकीय जमीन पर पीढ़ियों से काविज आवासहीनों को आवास के पट्टे देने की मांग को लेकर जनता का सत्याग्रह निरंतर जारी है। मंगलवार को सबलगढ़ नगरपालिका पर महिला, पुरुषों ने इकट्ठे होकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरबी राजोरिया को ज्ञापन दिया। इसी अनुक्रम में कैलारस में भी महिला पुरुषों ने इकट्ठे होकर नगर परिषद कार्यालय पर सीएमओ अतर सिंह रावत को ज्ञापन दिया, जब कि सबलगढ़ में ज्ञापन देने की कार्रवाई का नेतृत्व माकपा के नगर सचिव पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल धाकड़, इसराइल खान, अरविंद सगर, भूरा शर्मा आदि ने किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है। कैलारस में कार्रवाई का नेतृत्व माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, नगर सचिव राजेश गुप्ता, पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, हरिओम गोयल, गुड्डी वाई, मुन्नी बाई आदि ने किया। यहां भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा स्वीकृत आवासों की राशि तत्काल खातों में डालने का आश्वासन दिया। इस मौके पर माकपा के राज्य मंडल सदस्य अशोक तिवारी ने कहा है कि आवास और आवास के पट्टों के लिए जनता लगातार संघर्ष कर रही है। राज्य सरकार द्वारा आदेश दिए गए हैं परंतु स्थानीय नगर परिषद अधिकारी राजनीतिक दबाव के चलते कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कार्रवाई नहीं करने पर आगे जुझारू आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।

## आनन्दक साथियों द्वारा दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के बीच प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित



**मुरैना।** स्वैच्छिक सेवा सप्ताह अन्तर्गत आनन्दक साथियों द्वारा दीपक भोला के नेतृत्व में दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के बीच प्रोत्साहन कार्यक्रम किया गया। इन बच्चों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में समाज के बीच जागरुकता बढाने के लिए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों पर उनके योगदान को रेखांकित करने का एक अवसर प्रदान किया गया। इस दिवस के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान, भोपाल मध्यप्रदेश शासन के अभिप्रेरण से जिला मुरैना के आनन्दकों द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित नेत्रहीन छात्रावास में नेत्रहीन बच्चों के साथ समय व्यतीत किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गीत, कहानी, कविता तथा अपने जीवन के कुछ अनुभवों को सांझा किया गया। आनंदक मणीन्द्र कौशिक तथा सुजाता तोमर द्वारा बच्चों को अनेक गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम के संचालक दीपक भोला द्वारा बच्चों को कहा गया कि ईश्वर ने आप सभी से देखने की क्षमता छीनी है तो आपको बहुत सारे गुण भी दिए हैं, इसलिए अपने आप को किसी से कम न समझें। आनन्दकों द्वारा स्वैच्छिक सेवा दिवस के अवसर पर बच्चों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा स्वल्पाहार का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में आनंदक दीपक भोला, मणीन्द्र कौशिक, सुजाता तोमर, नीतू भारद्वाज, क्षमा कौशिक, सरिता उपाध्याय, सपना गांगिल, कल्पना गोयल, कपिल भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत में अधिभार पर 100 प्रतिशत तक दी जाएगी छूट

**मुरैना।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 दिसंबर को कोर्ट परिसर में आयोजित किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर जल कर उपभोक्ता प्रभाव एवं अन्य करों के अधिभार पर छूट दी जाएगी। नगर निगम के राजस्व प्रभारी आर के सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि जलकर संपत्ति कर आदि करों पर 50 हजार बकाया होने पर 100 प्रतिशत अधिभार में छूट दी जाएगी व 50 से एक लाख बकाया होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट उपभोक्ता को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के उपभोक्ता जिन पर जलकर संपत्ति कर बकाया है वह अपना बकाया कर नेशनल लोक अदालत में जमा कराएं, जिससे कि वह अधिभार पर छूट प्राप्त प्राप्त कर सकें।

## भाजपा अजा मोर्चा ने परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर के चरणों में किये श्रद्धा सुमन अर्पित

### मंडल स्तर तक श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मुरैना जिले में 26 नवम्बर संविधान दिवस से 06 दिसंबर महापरिनिर्वाण दिवस तक ग्यारह दिवसीय संविधान गौरव अभियान का आयोजन किया गया, जिस के तहत बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनुसूचित जाति वर्ग को जागरूक करने हेतु बालक- बालिका, महिला, पुरुष, संत, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवीयों के बीच विभिन्न जागरूकता गतिविधियो का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय अंबेडकर पार्क सिंगल बस्ती में संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी जिला अध्यक्ष आदरणीय डॉ. योगेश पाल गुप्ता जी, पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह गुर्जर, मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप पिप्पल, मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक रामनाथ सिंह पिप्पल, मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य माधव प्रसाद, राकेश खटीक, पार्टी नगर मंडल पूर्व के अध्यक्ष अनूप जैन, मोर्चा महामंत्री संदीप सेंगर, भगवानदास बाल्मीक, हरी सेंगर, मुकेश जाटव, नरेश कारखुर, श्रीमती भावना जालौन, राकेश पारा, सोनू खटीक, पीयूष जालौन, निरंजन बंसल, अमन नरवार, धनीराम जाटव, बंटी पारा, अशोक सोनी, डॉ. निगम, तथा भारतीय जनता पार्टी एवं मोर्चा के पदाधिकारी व ज्येष्ठ श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत पति व ननद घायल, कार ने वृद्ध को कुचला, मौत



**मुरैना।** मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध की मौत हो गई तो वही एक महिला की जान चली गई एवं 2 लोग घायल हो गए पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3:30 बजे जबर सिंह कुशवाह 38 वर्ष निवासी गोबरा कॉलोनी बानमोर अपनी पत्नी ऊषा कुशवाहा 35 वर्ष एवं बहन अनीता कुशवाह को बाइक पर बैठाकर वापस बानमोर जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक नूराबाद यूको बैंक के सामने पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक वाहन चालक ने टक्कर मार दी और वाहन लेकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में उषा की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि जबर सिंह व अनीता घायल हो गए हैं। पीछे दूसरी मोटरसाइकिल पर आ रहे जबर सिंह के भाई मेघ सिंह ने वाहन का नंबर तो ले लिया, लेकिन वाहन कौन सा था, यह नहीं देख पाया। नूराबाद पुलिस ने बताया कि जबर सिंह अपनी बच्ची के लिए लड़का देखने मुरैना गया हुआ था और वहीं से लौटकर वापस बानमोर जा रहा था, तभी यह दुर्घटना घटित हो गई। पुलिस ने घायल जबर सिंह को नूराबाद अस्पताल एवं अनीता को मुरैना चिकित्सालय में भर्ती करा दिया है तथा ऊषा का पीएम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। सराय छोला थाना क्षेत्र में हेतमपुर बस स्टॉप से रोड क्रॉस कर रहे 60 वर्षीय रामकिशन जाटव पुत्र हरजीत जाटव निवासी हेतमपुर को धौलपुर की ओर जा रही एक अज्ञात कार के चालक ने कुचल डाला।

## वृद्ध का एटीएम बदलकर चोर ने 5 लाख निकालकर कर डाली शॉपिंग

### पुलिस ने नहीं की एफ आई आर, साइबर सेल खोज रही एटीएम चुराने वालों को



**मुरैना।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की सुबह एसबीआई के एटीएम में रुपए निकालने गए एक वृद्ध से केविन में घुसे अज्ञात चोर एटीएम बदल ले गए और पासवर्ड देख लिया तथा थोड़ी ही देर में वृद्ध के खाते से लगभग 5 लाख रुपए की शॉपिंग कर डाली। घटना का पता घर पहुंचने पर वृद्ध के परिजनों को लगा तो उनके होश उड़ गए और बैंक में मालूम किया तो पता चला कि चोरों ने 4 लाख 81 हजार रुपए की शॉपिंग कर डाली। कोतवाली पुलिस ने फिलहाल मामला जांच में ले लिया है, तो वहीं साइबर सेल सीसीटीवी फुटेज के आधार पतारसी में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम नगर निवासी 62 वर्षीय सीताराम सोलंकी मंगलवार की सुबह 10:15 बजे बनखंडी रोड कोर्ट तिराहे पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर पैसे निकाल रहे थे, उस समय तीन चार युवक और खड़े थे। सीताराम ने एटीएम से 9000 निकाले और रुपए निकालकर जेब में रखने लगे, तभी केबिन में खड़े अज्ञात चोर ने एटीएम बदल लिया और पासवर्ड देख लिया। वृद्ध देख नहीं पाए और घर चले गए। इस दौरान चोरों ने एटीएम और पासवर्ड के माध्यम से 4 लाख 81 हजार रुपए की शॉपिंग कर डाली, जब सीताराम घर पहुंचे तो उनके पुत्र ने देखा कि एटीएम बदल चुका है और बैंक में जाकर पता किया तो पता चला कि उनके खाते से चोरों ने रकम निकालकर शॉपिंग कर डाली है। सीताराम के पुत्र ने बताया कि अभी 10 दिन पहले ही घर में शादी हुई थी और काफी केस उनके पिताजी के अकाउंट में जमा था तथा 2 दिन पूर्व उनका मोबाइल का रिचार्ज खत्म हो गया, जिससे मैसेज का पता नहीं चला और यह वारदात करने में चोर सफल हो गए। घटना की रिपोर्ट लिखाने सीताराम सोलंकी कोतवाली पहुंचे, लेकिन पुलिस ने आवेदन लेकर मामला जांच में ले लिया है।

# स्वीप कार्यशाला के तहत वोटर हेल्पलाइन एप के उपयोग का दिया प्रशिक्षण

## जागरूक मतदाता देश का भाग्य विधाता - केसर सिंह राजपुरोहित



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली**

**पाली।** प्रभारी अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला जिला परिषद पाली के निर्देशानुसार आज रोहट शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों व स्टाफ मेंबर्स को वोटर हेल्पलाइन एप्प (ड्ड्र) के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्वीप प्रभारी व रोहट ब्लॉक के लीड एल सी प्रभारी केसर सिंह राजपुरोहित ने महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को प्रायोगिक तौर पर वोटर हेल्पलाइन एप्प को डाउनलोड करने की प्रक्रिया व वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को पंजीयन की प्रक्रिया का विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया।इस अवसर पर श्री केसर सिंह राजपुरोहित ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित वोटर हेल्पलाइन एप्प को यूजर फ्रेंडली बताया ।उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदान से जुड़ना व वोट देना एक जागरूक मतदाता की पहचान है और एक जागरूक मतदाता देश का भाग्य विधाता होता है ।इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों का वोटर हेल्पलाइन एप्प पर ऑनलाइन फॉर्म नंबर 6 भरकर नव मतदाता के रूप में पंजीयन कर प्रायोगिक तौर से समझाया।उन्होंने नव मतदाताओं को पंजीयन पश्चात प्राप्त होने वाली रिफरेन्स आई डी को संभाल कर रखने हेतु निर्देशित किया। संस्थाप्रधान श्रीमती दीपाली शर्मा ने वोटर हेल्पलाइन एप्प से पंजीयन किये जाने हेतु अहर्ता रखने वाले सभी विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु प्रशिक्षित स्टाफ सदस्यों को निर्देश प्रदान किये साथ ही सभी विद्यार्थियों को पंजीयन हेतु कहा ताकि निर्वाचन के इस महत्वपूर्ण कार्य मे सभी विद्यार्थी वोटर कार्ड बनाकर नव मतदाता के रूप में मतदान प्रक्रिया से भविष्य में जुड़ सके।प्रशिक्षण कार्यशाला में स्टॉफ सदस्य श्री तनमय शर्मा व श्री अभिषेक शर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय सभा की तैयारियों को लेकर स्वदेशी जागरण मंच की बैठक संपन्न



**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** आगामी दिसंबर माह में ग्वालियर महानगर में संपन्न होने वाली स्वदेशी जागरण मंच राष्ट्रीय सभा की तैयारियों को लेकर एक बैठक श्याम वाटिका मैं संपन्न हुई बैठक में स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत के प्रांतीय संगठक केशव दुबौलिया द्वारा पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं एवं स्वदेशी जागरण मंच के विभाग व जिला स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच राष्ट्रीय परिषद की तैयारियों के संदर्भ में विचार व्यक्त करते हुए कहा की राष्ट्रीय सभा देश की अर्थनीति रोजगार एवं समृद्धि को लेकर एक विशेष कार्य योजना बनाने वाली सभा है मध्य भारत प्रांत के लिए इस सभा का आयोजन एक गौरव का विषय है अतः हमें पूर्ण समर्पित होकर इस राष्ट्रीय सभा को गरिमा मय स्वरूप प्रदान करना है इसके लिए हमें अंतिम छोर के कार्यकर्ताओं तक पहुंचना है 24 दिसंबर से 26 दिसंबर संपन्न होने वाली इस राष्ट्रीय सभा में पूर्व से लेकर पश्चिम उत्तर से लेकर दक्षिण के सभी प्रांतों के स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी से लेकर क्षेत्र एवं प्रांत स्तर के अधिकारी व विभाग संयोजक तक सहभागिता करेंगे ग्वालियर में संपन्न होने वाली इस बैठक की तैयारियों के लिए शिवपुर सबलगढ़ मुरैना भिंड दतिया ग्वालियर महानगर एवं अन्य महत्वपूर्ण केंद्रों पर पूर्णकालिक कार्यकर्ता तैयारियों के लिए संलग्न रहेंगे प्रांतीय संगठक श्री केशव जी दुबौलिया द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर को फूलबाग मैदान पर एक वृहद सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्वालियर एवं चंबल अंचल के स्वदेशी कार्यकर्ता एवं सुदेश प्रेमी बंधु उपस्थित होंगे इस बृहद सभा को स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय अधिकारियों द्वारा संबोधित किया जाएगा बैठक की तैयारियों के लिए बैठक में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ मुरैना विभाग संयोजक आचार्य बृज मोहन शर्मा भिंड जिला सह संयोजक मनोज थापक जन जागरण प्रभारी संजू पचौरी जन जागरण प्रभारी संजय शुक्ला एवं भिंड मुरैना के कार्यकर्ता उपस्थित थे

## वन-टू-वन

### रासेयो स्वयंसेवकों ने सीखा ग्रह कार्य



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** एम.जे.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर.ए. शर्मा के निर्देशन मे शासन के आदेश के तहत महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत आज छात्रों को घर के काम में हाथ बंटाने बहनों की पढ़ाई और उनकी आत्मानिर्भरता में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के तारतंय में सभी स्वयंसेवको ने मिलकर शर्ट में बटन लगाना, काज बनाना, फटे पेंट को सिलना,रोटी रुमाल बनाना सिखाया गया।इस कार्यक्रम का निरीक्षण प्रो. रिचा सक्सेना, प्रो.प्रभा तिवारी ने किया। यह कार्यक्रम स्वयंसेविका नेहा कुशवाह,के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के अंत मे महिलाओं के प्रति सभी स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई। इस कार्य में वरिष्ठ स्वयंसेवक आदित्य दुवे व स्वयंसेवक अंशुल हरिऔध, शिवकांत सिंह राजावत, रोहित कुशवाह,संदीप सिंह कुशवाह,प्रकाश सिंह, अरवेश,आशीष कुमार,सिद्ध प्रकाश,अनिल, अंकित सिंह भदौरिया,गौरव श्रीवास ,शिवम गजरोलिया, सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

### देसूरी ब्लॉक से प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव राठौड़ ने लिया मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में भाग।



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली–**मुख्यमंत्री आवास पर 12 अक्टूबर को आयोजित महंगाई हटाओं रैली की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में देसूरी ब्लॉक से प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव डिम्पल राठौड़ ने मुख्यमंत्री आवास पर बैठक में भाग लिया साथ ही रैली को सफल बनाने के लिए 12 दिसंबर को जयपुर में हो रही महंगाई हटाओ महारैली के संबंध में महिला कांग्रेसजनों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं को भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, प्रभारी महासचिव नीतू वर्मा सोइन प्रभारी सचिव ज्योति रुतेला, राष्ट्रीय महासचिव शहनाज हक , महासचिव परप्रीत कौर , प्रदेशाध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती सहित महिला कांग्रेस की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की विंग उपस्थित रही।

### एम्बुलेंस कर्मचारियों ने कराया एम्बुलेंस में प्रसव, 108 ने दिया जच्चा बच्चा को नवजीवन

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

**एटा–** निधौली कलाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एम्बुलेंस सुबह बसुंधरा से मरीज लेकर निकली, रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर 108 एम्बुलेंस



कर्मचारी ने एम्बुलेंस रुकवा कर सुरक्षित प्रसव कराया और अस्पताल में ले जाकर मरीज को एडमिट कराया। गाँव बसुंधरा की रहने वाली संतोषी देवी को आज सुबह प्रसव पीड़ा हुई, उनके पति द्वारा 108 नम्बर पर कॉल कर एम्बुलेंस को बुलाया गया, चन्द मिनट में एम्बुलेंस पहुँच भी गयी। रास्ते में ही प्रसव पीड़ा अधिक होने पर एंबुलेंस कर्मचारी बनी सिंह, पायलट रोहित कुमार ने एंबुलेंस को रास्ते में खड़ा कर सुरक्षित प्रसव कराया, जच्चा बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हैं। जच्चा बच्चा को नव जीवन मिला है परिजनों ने एंबुलेंस कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है।

## टोस्ट की अवैध फैक्टरी जमीदोज की गई



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**उज्जैन ।** नागज़ीरि देवास रोड स्थित अवैध टोस्ट फैक्ट्री को आज नगर निगम के अमले द्वारा जमींदोज कर दिया गया । फैक्ट्री संचालकों द्वारा नगर निगम से बिना अनुमति लिये फैक्ट्री स्थापित की गई थी । नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस भी जारी किये गये थे। बिना अनुमति फैक्ट्री स्थापित करने व अतिक्रमण होने से निगम द्वारा प्रशासन द्वारा अवैध फैक्ट्री को जमीदोज कर दिया गया। उक्त फैक्ट्री फन एंड फ़ूड पर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा 23 सेप्टेम्बर को नागझिरी इंडस्ट्रीयल एरिया देवास रोड स्थित टीम के साथ दबिश दी गई थी । दबिश में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम को बेकरी में कई अनियमितताएँ पाई गई थी ।

बेकरी में टोस्ट निर्माण में स्वास्थ्य के लिये हानिकारक प्रतिबंधित सेकरीन का उपयोग होना पाया गया। साथ ही कर्मचारियों द्वारा गंदगी के बीच टोस्ट का निर्माण किया जा रहा था। अधिकारियों की टीम को यहाँ निर्माण परिसर में जगह-जगह थूकने के निशान भी मिले, तथा कर्मचारियों द्वारा अपनी व्यैक्तिक स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जा रहा था। टीम को यहाँ कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण प्रमाण-पत्र भी नहीं मिले। टीम ने यहाँ से तैयार किये जा रहे टोस्ट एवं कच्ची खाद्य सामग्रियों व सेकरीन के सेम्पल लिये जाकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये, तथा मौके पर उपलब्ध लगभग 1736 किलोग्राम टोस्ट व खाद्य सामग्री जिसका मूल्य लगभग रूपये 1लाख 18 हजार रु जप्त किया गया था। खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में टोस्ट में हानिकारक सेकरीन पुष्टि पाई गई एवं नमूनें मानव स्वास्थ्य के लिये असुरक्षित घोषित किये गये। जिला कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बेकरी संचालक गुलराज खान एवं सुरेश शर्मा के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं में पुलिस थाना नागझिरी में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

## सरपंच सुरेश बंजारा के सानिध्य में राजकीय विद्यालय प्रांगण में बैठक का हुआ आयोजन



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली**

**पाली।** निकटवर्ती रुपावास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय एस एम सी। एस डी एम सी गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सरपंच सुरेश बंजारा के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया।। प्रधानाचार्य सरपंच समाजसेवी जनप्रतिनिधि शिक्षक आदि सहित गणमान्य लोगों के उपस्थिति में सर्वप्रथम मां शारदा को वंदन करते हुए माल्यार्पण दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ में भाग लेने हेतु पी ई ओ अधीन छ विद्यालय संस्था प्रधान सहित एस एम डी सदस्य चंदन सिंह राजपुरोहित चोथाराम परमार धन कवर हिम्मतराम अमित कुमार दीक्षा कुमारी डिंपल गाबा व ग्राम पंचायत वार्ड पंच सोनाराम घाची सहित जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा।इस मौके पर विद्यालय प्रतिनिधि व आजना पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरि भाई पटेल रुपावास विद्यालय के विकास हेतु आश्वासन दिया।इस मौके पर विद्यालय के कार्मिक बंधुओं जिसमें कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनिल नामा। सुमित्रा परिहार दक्ष प्रशिक्षक भवानी सिंह आखावत। अनुपम शर्मा रामजीवन सुथार पूर्णिमा दवे अशोक कुमार दवे शिल्पा जैन सुषमा वैष्णव प्रमिला पाटनेचा विजयलक्ष्मी दवे सहित गणमान्य लोगों ने लिया हिस्सा।



## देसूरी ब्लॉक से प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव राठौड़ ने लिया मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में भाग

**12 दिसंबर को आयोजित होने वाली महंगाई हटाओं महारैली में भाग लेने का किया आह्वान।**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता/पाली**

**पाली।** मुख्यमंत्री आवास पर 12 अक्टूबर को आयोजित महंगाई हटाओं रैली की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में देसूरी ब्लॉक से प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव डिम्पल राठौड़ ने मुख्यमंत्री आवास पर बैठक में भाग लिया साथ ही रैली को सफल बनाने के लिए 12 दिसंबर को जयपुर में हो रही महंगाई हटाओ महारैली के संबंध में महिला कांग्रेसजनों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं को भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, प्रभारी महासचिव नीतू वर्मा सोइन प्रभारी सचिव ज्योति रुतेला, राष्ट्रीय महासचिव शहनाज हक , महासचिव परप्रीत कौर , प्रदेशाध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती सहित महिला कांग्रेस की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी की विंग उपस्थित रही।

## सीरवी समाज की होनहार प्रतिभा पूजा सीरवी राष्ट्रीय स्तर पर थ्रो बॉल खेल टीम की बनी चैम्पियन



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ**

**चेन्नई –**पोरुर पूजा सतपुड़ा सानपुरा पुत्री नारायणलाल माता देवी सीरवी मूलतः सपतरो का नया बेरा,डिंगड़ी माता के मन्दिर के पास बिलाड़ा जिला जोधपुर राज./वर्तमान में दक्षिण भारत चेन्नई के पोरुर में प्रतिष्ठान/महालक्ष्मी इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान है। बिटियाँ के मामा हापुराम सीरवी ने बताया कि पूजा सीरवी ने हाल ही में झारखंड राज्य में हुई राष्ट्रीय स्तर की थ्रो बॉल प्रतियोगिता आयोजित 27 नवंबर से 30 नवंबर के बीच तमिलनाडु टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए फ़ाइनल में जगह बनाई वह तमिलनाडु का फाइनल मैच दिल्ली टीम के बीच हुआ जिसमें तमिलनाडु टीम थ्रो बॉल में चैम्पियन बनी।पूरी प्रतियोगिता में समाज की होनहार प्रतिभा पूजा ने बेस्ट प्रदर्शन किया। तमिलनाडु की टीम चेन्नई पहुंचने पर खेल फेडरेशन के सभी अधिकारियों के द्वारा सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया जिसमें समाज की होनहार प्रतिभा पूजा सीरवी को तमिलनाडु चेन्नई के डीजीपी आदरणीय शैलेंद्र बाबू द्वारा बिटियाँ का सम्मान किया गया वह भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।इस बिटियाँ ने जिला,राज्य, परिवार,वह समाज का नाम रौशन किया ऐसी बेटियों पर हम सभी को गर्व है।पूजा सीरवी बचपन से शिक्षा के साथ साथ खेल में रुचि रखती आई है जिसका परिणाम आज मिल रहा है, शिक्षा में पूजा ने दसवीं बोर्ड में 86त्न अंक प्राप्त किए व बाहरवीं में 90त्न अंक प्राप्त किए ।वर्तमान में बिटियाँ चेन्नई पोरुर एरिया में महालक्ष्मी वूमेन कॉलेज में 1ह्यह्र ईयर की छात्रा है।जो बी कॉम जनरल की शिक्षा ग्रहण कर रही है। पूजा सीरवी ने बताया कि खेल दसवीं से बाहरवीं तक तीन साल कांचीपुरम जिले की थ्रो बॉल कप्तान रही है वह वर्तमान में भी चेन्नई थ्रो बॉल टीम की कप्तानी कर रही है । हमेशा मातापिता के साथ साथ कोच मुथु कुमारन सर का बहुत बड़ा सहयोग रहा जो आज मुझे ये मुकाम हासिल हुआ। पूजा को थ्रो बॉल के अतिरिक्त बैडमिंटन, खो-खो, शॉर्ट पूट में भी जिला स्तर पर अच्छा परफॉर्मेंस दे चुकी है ।ये जानकारी चैनाराम पालावत व्याख्याता शारीरिक शिक्षक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल जैतारण , खेल प्रभारी बिलाड़ा नवयुक मंडल बिलाड़ा ने दी।

## एसपी से मिला पीडित परिवार न्याय की लगाई गुहार

### एसपी ने न्याय दिलाने का दिया भरोसा,




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**बृजपाल सिंह गुर्जर**

मेहगांव मेहगांव संतोष जैन पुत्र सुमेर चंद्र जैन निवासी गांधी रोड वार्ड क्र0 6/ मेहगांव का शव 29/11/2021 को ग्वालियर रोड के किनारे पडा मिला पुलिस ने मामला दर्ज कर बिवेचना शुरु की, मगर एक सप्ताह बीत जाने पर पुलिस आरोपियों का पता लगाने मे कामयाबी हासिल करने मे सफल नही हो सकी, परिजन लगातार पुलिस से न्याय की गुहार लगाते रहे, पुलिस की लचर कार्यवाही से दुखी परिजनों ने आज जिला पुलिस अधीक्षक के समक्षः भाजपा के नेता रबिसेन जैन के साथ मुलाकात की और आपबीती दुख भरी कहानी सुनाई, परिजनों मे म्रतक संतोष जैन की माँ व पत्नी बच्चों सहित उपस्थित रहे, पुलिस अधीक्षक ने पीडित परिवार की दांस्ता सुनकर अबिलम्ब न्याय दिलाने का भरोसा दिया,। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया जो निम्न प्रकार है, उपरोक्त निर्गत निवेदन सुमेरचन्द्र जैन निवासी नगर पालिका के पास गांधी रोड बार्ड हत्या दिनांक 29-11-21 व 30-11-21 की मध्य रात्रि में सडयंत्र पूर्वक हत्या कर पुत्र के शव को ग्वालियर रोड के किनारे फेंका गया था । पुत्र के रात्रि में घर न आने पर परिजनों द्वारा पुलिस थाना गेहगाँव में सूचना दी पुलिस ने उसी वक्त जानकारी दी कि ग्वालियर रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति का पड़ा है, और फोटो दिखाया फोटो को देखकर मेरे पुत्र संतोष जैन की पहिचान हुयी और मुझ प्रार्थिया व परिजन घटना स्थल पहुंचे जहाँ पर पुत्र मृत अवस्था में था उसके गले पर गला घोंटने के निशान थे व अन्य जगह चोट दिख रही थी, उसकी कार मेहगाँव गल्ला मंडी प्रांगण में खड़ी मिली । घटना के बाद पुलिस व्दारा पी 0 एम 0 कराया गया पी 0 एम 0 उपराना पुत्र का अन्तिम संस्कार दिनांक 30-11-21 को किया गया । मेरा पुत्र इकलौता या घर के कार्य और अपना खुद का व्यवसाय करता था । पुत्र की योजना बद्ध तरीके से हत्या कारित की गयी है , पुलिस द्वारा आज दिनांक तक हत्यारों का न तो पता लगाया गया है हत्या का राज आज भी राज ही बना हुआ है । प्रार्थिया व मेरा पूरा परिवार डरा हुआ व सदमे में है । पूरा परिवार का जीवन संकट में होकर जान का खतरा है प्रार्थिया के परिवार के साथ कोई बड़ी घटना घटित न हो जाये । पुत्र की हत्या कारित करने वाले आरोधियों को नामदर्ज कर दण्डित कराया जाना न्यायसंगत है ।

भाजपा नेता रबिसेन जैन ने बताया कि संतोष जैन की हत्या रहस्यमय बनी हुई हे सप्ताह बीत जाने पर भी पुलिस आरोपियों को तलाश नही कर सकी इसलिये आज हमे एसपी साहब से मिलकर अपनी पीडा जाहिर की है, एसपी साहब ने हमे भरोसा दिलाया हे कि जल्द ही पीडित परिवार को न्याय मिलेगा।

**रबिसेन जैन भाजपा नेता भिडं,**

......................................

संतोष जैन के परिजनों को जल्द न्याय मिलेगा,रहस्यमयी हत्याकांड का जल्द खुलासा होगा,

**शैलेंद्र सिह चौहान**
**पुलिस अधीक्षक भिडं।**

## कोरोना के नए वेरिएंट को करेंगे पराजित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड से बचाव के अभियान में अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ ही अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआयएफ) का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। फाउंडेशन ने सेवा धर्म का निर्वाह करते हुए अद्भुत कार्य किया है। भारत और अमेरिका दो महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं। अनेक क्षेत्र में दोनों देश मिलकर कार्य करते हैं, जो इतिहास रचने जैसा कार्य हो जाता है। मध्यप्रदेश में जन-सहयोग से कोरोना नियंत्रण का कार्य हुआ। यह मॉडल जरूरत पड़ने पर फिर उपयोग में लाया जाएगा। हम कोरोना के नए वेरिएंट को पराजित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एआयएफ के माध्यम से लगभग 20 वर्ष पूर्व गुजरात में आए भूकम्प के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रभावितों की सहायता में अमेरिका का सहयोग लिया था। आपदा की उस घड़ी में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने सहयोग का हाथ बढ़ाया था। इन सेवा कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री चौहान फाउंडेशन के सहयोग से कैलाशनाथ काटजू सिविल अस्पताल भोपाल में 500 एल.पी.एम क्षमता के ऑक्सीजन संयंत्र (लागत 80 लाख) और बैढ़न जिला सिंगरौली में 250 एल.पी.एम. क्षमता के ऑक्सीजन संयंत्र (लागत 55 लाख) का वर्चुअल शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर सीहोर और बैतूल के जिला चिकित्सालयों में 50 बेड की नवीन मॉड्यूलर इकाई का भी शुभारंभ किया गया। प्रत्येक इकाई की लागत 01 करोड़ 60 लाख रूपए है।

## नवनिर्माण हिन्दू सेना परिषद ने की हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग

**भोपाल।** नवनिर्माण हिंदू सेना परिषद के तत्वाधान में आज दिनांक 05-12-2021 को होटल भारत रीजेंसी, पुष्पा नगर, 80 फिट रोड, अशोका गार्डन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का अयोजन किया गया।




जिसमें भारत को पूर्ण रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए 7 नवंबर 2023 को समस्त हिंदू संगठनों एवं समस्त साधु-संत व किन्नर समाज द्वारा जगद्गुरु आचार्य श्री परमहंस जी के नेतृत्व में रामलीला मैदान (दिल्ली) पर आमरण अनशन किया जाएगा। संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री नरेश पंसोरिया ने कहा कि यदि हिंदुत्व जीवित है तो ही हिंदू है। लव जिहाद की घटनाएं आज आम बात हो गई है, जिस पर पूर्ण विराम, भारत को पूर्ण हिंदू राष्ट्र बनाकर ही लगेगा। साथ ही यदि भारत का विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था, और पाकिस्तान एक इस्लामिक राष्ट्र बना तो, फिर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में क्या परेशानी है? हमारा सरकार से आग्रह है की इस पर जल्द से जल्द विचार करें और संवेधानिक प्रक्रिया अपना कर इस कार्य को सिद्ध करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश संयोजक मोहित जैन, प्रदेश मीडिया प्रभारी अजय अहिरवार, जिला संगठन मंत्री (दुर्गावाहिनी प्रकोष्ठ ) श्रीमति भगवती पटेल, राजीव नागर, महानगर संगठन मंत्री (दुर्गावाहिनी प्रकोष्ठ ) बहन आशा करन जी और श्रीमति सुशीला पासवान, श्रीमती दीपिका वर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अब 75 माइक्रोन से कम की पॉलीथीन भी अमानक


**भोपाल।** पर्यावरण के लिए घातक पहले 25 फिर 50 और अब 75 माइक्रोन से कम की पॉलीथिन प्रतिबंधित हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी शहर में पॉलीथीन का इस्तेमाल हो रहा है। अमानक पॉलीथिन का उपयोग रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम ने अभियान शुरू कर दिया है। निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरे शहर में मुनादी के माध्यम से बाजारों में व्यापारियों सहित शहर के नागरिकों को जागरूक कर रहा है कि अमानक सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करें और न ही इसकी बिक्री करें। 50 माइक्रोन से कम वाली प्लास्टिक अमानक श्रेणी के बाद अब 75 माइक्रोन से कम वाली प्लास्टिक की थैलियां पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई हैं। यदि कोई व्यक्ति इसका विक्रय और भंडारण करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध नगर निगम कार्यवाही करेगा। जिसमें जुर्माना भी वसूला जाएगा, साथ ही जप्ती की दंडात्मक कार्यवाही होगी। अमानक पॉलीथीन के बदलते मापदंड में इससे पहले 40 माइक्रोन से कम वाली पॉलीथीन अमानक की श्रेणी में थी। इसके बाद निगम द्वारा 50 माइक्रोन से कम वाली प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लगाया गया और दंडात्मक कार्यवाही की गई थी। अब अमानक की श्रेणी में 75 माइक्रोन से कम वाली सभी पॉलीथीन को मापदंड में रखा गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुकी है।

20 जिलों में हाईअलर्ट

# MP में बढ़ा ओमिक्रॉन का खतरा,भोपाल कोरोना हॉट स्पॉट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब कोरोना के नये वेरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए सरकार ने पड़ोसी तीन राज्यों की सीमा से लगे प्रदेश के इलाकों अलर्ट जारी कर दिया है। यहां सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम 24 घंटे काम पर लग गयी हैं. राजधानी भोपाल कोरोना का हॉट स्पॉट बनता जा रहा है।

एमपी में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की अभी एंट्री नहीं हुई है, लेकिन पड़ोसी राज्यों खासतौर से महाराष्ट्र में इस वैरिएंट के आने से अब सरकार अलर्ट मोड पर है. प्रदेश के बॉर्डर से लगे तीन राज्यों



गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान में ओमिक्रॉन वायरस पहुंचा गया है. सरकार ने पड़ोसी राज्यों की सीमा से लगे जिलों में जांच और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इन राज्यों से होकर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों की कोरोना जांच अनिवार्य रूप से की जा रही है।

कोरोना की पहली और दूसरी लहर में इंदौर, उज्जैन के बाद भोपाल बहुत तबाही देख चुका है. लेकिन इस बार अभी तक प्रदेश में सबसे ज्यादा राजधानी में कोरोना संक्रमण के नए मामले आये हैं. भोपाल कोरोना की हॉट सिटी बनता जा रहा है।यहां बीते 16 दिन में सबसे ज्यादा 115 कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं. औसतन 7 मामले रोज सामने आ रहे हैं. प्रदेश में 17 दिनों में 255 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं।

### इन सीमावर्ती जिलों में अलर्ट

राजस्थान की सीमा से लगे प्रदेश के 10 जिलों झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना को अलर्ट कर दिया गया है. गुजरात की सीमा से दो जिले झाबुआ और अलीराजपुर लगे हैं. वहीं महाराष्ट्र की सीमा से 8 जिले बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट जिले लगे हैं।

### विदेशी नागरिक दिखे तो कंट्रोल रूम को सूचना दें

जबलपुर शहर इस बार बेहद सतर्क है. खास नजर विदेशी नागरिकों पर है. प्रशासन कह रहा है कि कोई भी विदेशी नागरिक अगर दिखाई देता है तो फौरन बिना देर किये कंट्रोल रूम को खबर दें। कंट्रोल रूम का नंबर जारी कर दिया गया है. कोरोना की पहली लहर जबलपुर से शुरू हुई थी जब दुबई से लौटा एक व्यवसायी का परिवार कोरोना संक्रमित निकला था। किसी भी विदेशी नागरिक की शहर में दस्तक होने पर आम नागरिक भी इसकी सूचना जिला प्रशासन को दे सकेंगे।

सिंधिया के साथ दलबदल कर बीजेपी में गए नेता ने अंग्रेज भक्ति का लगाया आरोप

# सिंधिया समर्थकों ने गद्दार विवाद में दिग्विजय सिंह के पिता को भी लपेटा

### पुराने पत्र का हवाला देकर कहा-जब देशभक्त शहीद हो रहे थे तब दिग्विजय के पिता वफादारी का इनाम मांग रहे थे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के बीच गद्दारी पर विवाद बढ़ता जा रहा है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के सिंधिया परिवार को गद्दार कहने के बाद अब केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में बीजेपी उन पर हमलावर हो गयी है। सिंधिया के साथ बीजेपी में गए एक नेता ने पुराने कथित पत्र का हवाला देकर दिग्विजय सिंह के पिता पर ही गद्दार होने का आरोप लगा दिया। दिग्विजय सिंह के बयान के बाद बीजेपी ने मोर्चा संभाला। सिंधिया के साथ दलबदल कर बीजेपी में गए पंकज चतुर्वेदी ने दिग्विजय के पिता बलभद्र सिंह पर अंग्रेज भक्ति का आरोप लगा दिया। उन्होंने एक कथित पत्र का हवाला देते कहा- 'दिग्विजय सिंह को अपने वंश पर बड़ा घमंड है. जब देश भक्त अंग्रेजों की गोलियां खाकर शहीद हो रहे थे, तब दिग्विजय सिंह के पिता बलभद्र सिंह अपने पूर्वजों की ओर से की गई अंग्रेजों की सेवाओं की दुहाई देकर अपने और अपने परिवार के लिए सुविधाओं की मांग कर रहे थे।

**दिग्विजय सिंह ने सिंधिया को कहा था गद्दार:** इन दिनों ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के बीच गद्दारी के मसले पर विवाद चल रहा है. दिग्विजय सिंह ने शनिवार को गुना जिले के मधुसूदनगढ़ के रघुनाथ गांव और विदिशा जिले के मुंडेला गांव में सभाओं को संबोधित करते हुए कहा था, 'मध्यप्रदेश में (वर्ष 2018 में हुए चुनाव में) कांग्रेस की सरकार तो बन गयी थी. सिंधिया जी चले गए छोड़कर और एक एक विधायक का 25-25 करोड़ रुपये ले गए. कांग्रेस के साथ गद्दारी कर गए. इसका मैं क्या करूं. किसने सोचा था. जनता ने तो कांग्रेस की सरकार बनवा दी थी.' उन्होंने आगे कहा, 'इतिहास इस बात का साक्षी है. एक व्यक्ति गद्दारी करता है, तो उसकी पीढ़ी दर पीढ़ी गद्दारी पे गद्दारी करती है।






### वफादारी का हवाला

पंकज चतुर्वेदी दावा करते हैं कि बलभद्र सिंह जी ने अपने वंश और अंग्रेज भक्ति का वर्णन करते हुए एक पत्र 16 सितंबर 1939 को लिखा था.उन्होंने कहा कि इसमें लिखा था, मेरे पूर्वजों ने 1779 से ब्रिटिश सरकार को भरपूर सेवाएं प्रदान की हैं. मेरे पिताजी ने भी आपको अपनी निजी सेवा प्रदान की है. पिछले युद्ध के समय भी ब्रिटिश सरकार को राघोगढ़ ने अपनी भरपूर सेवा प्रदान की है. अब मैं आपको अपनी वफादारी से भरी सेवा प्रदान करना अपना धर्म समझता हूं।

### 2002 में भोपाल में लगी थी प्रदर्शनी

बताया जा रहा है दिग्विजय सिंह के पिता बलभद्र सिंह का अंग्रेजों को लिखा ये कथित पत्र सन 2002 में भोपाल में राजकीय अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में रखा गया था. उस वक्त दिग्विजय सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे.

### इतिहास का हवाला

बीजेपी ने कहा, 'इतिहासकार राजा रघुवीर सिंह के अनुसार दिग्विजय सिंह के पूर्वजों को मुगलों की वफादारी के बदले में राघोगढ़ मिला. जबकि पानीपत की तीसरी लड़ाई में राघोगढ़ के तत्कालीन राजा ने मराठा साम्राज्य के सेनापति सदाशिवराव भाऊ को कोई सहयोग देने से इनकार कर दिया था और मुगलों का साथ दिया था।

# ब्याज से आय लेने वाले बुजुर्गों को अब दाखिल नहीं करना पड़ेगा आयकर रिटर्न

### आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 में नई धारा 194पी को किया शामिल

### 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को दी गई आइटीआर दाखिल करने से छूट

**भोपाल।** 75 वर्ष से अधिक की उम्र के वरिष्ठ नागरिक जिनकी आय का एक मात्र जरिए पेंशन और बैंक में रखे गए पैसे से मिलने वाला ब्याज है, उनको अब अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की जरूरत नहीं होगी। आयकर विभाग ने आयकर अधिनियम 1961 की नई धारा 194पी को शामिल किया है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को आईटीआर दाखिल करने की छूट प्रदान की गई है। इसकी घोषणा इस बार बजट में की गई थी, वित्तीय वर्ष 2021-22 से इस योजना का लागू कर दिया गया है। शहर के करीब 40 हजार से अधिक बुजुर्गों को अब आयकर रिटर्न दाखिल करने से मुक्ति मिल जाएगी।

### बैंक को जानकारी देनी होगी

वरिष्ठ नागरिक बैंक में रखे गए खातों से केवल पेंशन और ब्याज आय है, उन्हें आईटीआर दाखिल करने से छूट दी गई है। ऐसे बुजुर्गों को निर्धारित फॉर्मेट में बैंक को फॉर्म भरकर देना होगा जिसमें बताना होगा कि मेरी आय का स्त्रोत पेंशन तथा ब्याज है। वहीं पूर्व में सीनियर सिटीजन को अपना रिटर्न दाखिल करना पड़ता था। जिसमें बैंक की ओर से पेंशन की आय पर टैक्स जमा किया जाता था। उसके बाद उसे रिटर्न फाइल करना पड़ता था। यदि कोई रिफंड बनता था तो वो रिटर्न फाइल करने के बाद उसे वापस कर दिया जाता था। नए नियम के मुताबिक सीनियर सिटीजन को अपने आयकर डिक्लेरेशन को बैंक को ही देना है। जैसे बैंक टीडीएस काटता था उसी प्रक्रिया के अनुसार उसकी आय पर टीडीएस नई धारा 194पी में काटकर जमा करना होगा। इसके बाद सीनियर सिटीजन को रिटर्न दाखिल नहीं करना होगा।

### रिटर्न से मुक्ति मिल जाएगी

जानकारों का कहना है कि इस योजना को बजट में लाया गया था। वित्तीय वर्ष 2021-22 से इसे लागू कर दिया गया है। इस नए प्रावधान से ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को रिटर्न दाखिल करने से मुक्ति मिल जाएगी। इससे सीनियर सिटीजन को काफी लाभ मिलेगा। अभी तक सीनियर सिटीजन रिटर्न दाखिल करते आ रहे हैं। पहले रिटर्न दाखिल करते थे, उसके बाद रिफंड मिल पाता था। इससे परेशानी भी होती थी। पर अब आयकर विभाग के इस नए नियम से काफी लाभ मिलेगा। इससे बुजुर्गों को आसानी हो जाएगी।

# 4 मजदूरों की चमकी किस्मत मिले 7 बेशकीमती हीरे

### सबसे बड़ा 13. 54 कैरेट का हीरा मिला है

पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रतनगर्भा धरती आर्थिक तंगी से गुजर रहे गरीब किसानों पर लगातार मेहरबान हो रही है. यहां एक ही दिन में 2 मजदूरों को तीन बड़े हीरे मिले. वहीं दो अन्य लोगों को चार छोटे हीरे मिले. सभी हीरे एक ही खदान क्षेत्र कृष्ण कल्याणपुर पुतली खदानों से मिले हैं।

निर्धारकों ने हीरा कार्यालय में उन्हें जमा करा दिया है. हीरा कार्यालय के हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि रहुनिया गांव निवासी किसान मुलायम सिंह गौड़ को सबसे बड़ा 13. 54 कैरेट का हीरा मिला है, जो की बेशकीमती और जिम क्वालिटी का है। मुलायम सिंह के अलावा पन्ना की कॉलोनी निवासी रोहित यादव को भी दो हीरे मिले हैं, जिनमें एक 6 कैरेट 8 सेंट जिम क्वालिटी और दूसरा 4. 68 कैरेट, ऑफ कलर का है. इसी क्रम में शिवराजपुर निवासी शारदा विश्वकर्मा को छोटे-छोटे दो हीरे मिले हैं. इन सभी हीरों को हीरा कार्यालय में फिलहाल जमा कर दिया गया है और आने वाली नीलामी में इन्हें रखा जाएगा. बता दें कि बीते 6 दिसंबर को मजदूर व किसानों को 7 हीरे मिले. पन्ना में इन किसानों के लिए सोमवार का दिन डायमंड डे साबित हुआ।

मुख्यमंत्री ने की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की कार्य-योजना की समीक्षा

# शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने का कार्य प्राथमिकता से करें

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने का कार्य हमारी प्राथमिकता है। इस एजेंडा की प्राथमिकता को ध्यान में रखकर परिवार कल्याण अभियान के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाना जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने की कार्य-योजना की समीक्षा कर रहे थे।

**कलेक्टर हर माह करें मॉनिटरिंग:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कलेक्टर शिशु एवं मातृ मृत्यु दर के एजेंडा की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रतिमाह मॉनिटरिंग करें। जिले के प्रभारी मंत्री भी इस एजेंडा की सतत रूप से समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति सहित अन्य सभी समितियों की बैठकें प्रभावी हों, जिससे सकारात्मक परिणाम



सामने आएँ। बैठकें सिर्फ चाय-नाश्ता तक ही सीमित न रहें।

**नवजात शिशु और माता की मृत्यु की ऑडिट हो:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में नवजात शिशु और माता की मृत्यु के ऑडिट की कार्य-योजना बनाई जाये। इससे मृत्यु का कारण तो पता चलेगा ही साथ ही उसके निवारण की दिशा में प्रयास भी तेज होंगे।

**शिशुओं और माताओं की जिंदगी बचाना पवित्र कार्य:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नवजात शिशुओं और माताओं की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा पवित्र कार्य है। परिवार कल्याण की गतिविधियों में आशा और एएनएम गृह भेंट कर माताओं को विभिन्न प्रकार की सावधानी रखने की समझाइश दें।

स्टाफ नर्स और सीएचओ को भी प्रेरित करें। प्रसव पूर्व और बाद की गतिविधियों की भी नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो।

### जिले की ग्रेडिंग निर्धारित करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने के संबंध में पैरामीटर बनाएँ। आकांक्षी जिले की तर्ज पर जिले की ग्रेडिंग निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि उपलब्धि के आधार पर ही कलेक्टर की सी.आर. निर्धारित की जायेगी। अच्छा कार्य करने वालों की सराहना एवं खराब उपलब्धि पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

जीपीएस घड़ी से मिलेगी स्टेशन पर जानकारी

# रेलवे यात्रियों को देगा 3 बड़ी सुविधाएं, 85 स्टेशनों पर हो रहा प्रयोग

**भोपाल।** सर्दी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है ऐसे में कोहरे के कारण अक्सर ट्रेन काफी देरी से चलती है. सर्दियों में ट्रेन की देरी की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. ऐसे में भारतीय रेलवे यात्रियों को तीन बड़ी सुविधाएं देने जा रहा है. इस सुविधा के तहत सर्दी में कोहरे की वजह से ट्रेने लेट नहीं होगी। इसके लिए रेलवे द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं।

इसके अलावा यात्रियों को एसएमएस के जरिए ट्रेन की सटीक लोकेशन मिलेगी. साथ ही अब स्टेशन पर लगी जीपीएस क्लॉक से ट्रेनों की पल-पल की जानकारी भी यात्रियों को मिलती रहेगी. यह तीनों सुविधाएं यात्रियों की जरूरत के मद्देनजर शुरू की गई है। जीपीएस घड़ी से मिलेगी स्टेशन पर जानकारी- यात्रियों को स्टेशन पर ट्रेनों की जानकारी देने के लिए अब जीपीएस गाड़ियों की संख्या स्टेशन पर बढ़ाने का



काम किया जा रहा है. इससे प्लेटफार्म पर बैठे-बैठे ही यात्रियों को ट्रेन की पल-पल की जानकारी मिल सकेगी. पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, बीना, संत हिरदाराम नगर समेत 85 स्टेशनों पर जीपीएस आधारित घड़ियां काम कर रही हैं. ट्रेनें जैसे-जैसे आगे बढ़ती हैं।

### कोहरे में ट्रेन नहीं होगी लेट

सर्दी में कोहरे की वजह से ट्रेनें लेट न हों इसके लिए नई फॉग डिवाइस का सहारा लिया गया है. पश्चिम-मध्य रेल 604 फॉग सेफ्टी डिवाइस ट्रेनों में लगा रहा है. अभी 302 ट्रेनों में यह ट्रेनें भी लग चुकी हैं. एक ट्रेन के लिए दो डिवाइस दी गई हैं, ताकि एक खराब हो तो लोको पायलट दूसरी का उपयोग कर सके. वॉकी-टॉकी की तरह ही क्रू-ऑपरेटेड फॉग सेफ्टी डिवाइस है. इसका उपयोग लोको पॉयलट करते हैं. उन्हें डिवाइस का एक सेट दे दिया जाता है, इसमें दो डिवाइस रहती हैं. इसके 80 से 85 फीसदी तक रिजल्ट अच्छे आ रहे हैं और ट्रेनों को चलाने में इस सीजन में ज्यादा समस्या नहीं हो रही।

### एसएमएस के जरिए पल-पल की अपडेट

अब जो भी ट्रेन लेट होगी उसकी पहले ही सही जानकारी यात्री को मोबाइल पर एसएमएस के जरिए भेजी जाएगी. इससे यात्री को स्टेशन पर बैठकर ट्रेन के आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सटीक जानकारी होने पर यात्री समयानुसार स्टेशन पर आकर अपनी ट्रेन में यात्रा कर सकेगा. यात्रियों को इसमें पर मिलने वाली यह पहली सुविधा रहेगी. इससे यात्री कोई यात्रा और ट्रेनों से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी।

# प्रदेश पंचायत चुनाव की प्रक्रिया असंवैधानिक :पटेल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर जारी अधिसूचना के संबंध में पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश्वर पटेल ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पटेल ने कहा कि सबसे पहले वह संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके महानिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

साथ ही यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब के बनाए संविधान से घृणा करती है। इसीलिए संवैधानिक परंपराओं और नियमों को ताक पर रखकर मध्यप्रदेश में गलत तरीके से पंचायत चुनाव कराने की घोषणा की गई है। श्री पटेल ने कहा कि संविधान और पंचायत राज की भावना को अनदेखा करते हुए तानाशाही तरीका अपनाया गया है। शिवराज सरकार पंचायत चुनाव को दलीय चुनाव में बदलना चाहती है। परिसीमन को तानाशाही तरीके से रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया। पंचायतों को भी नहीं मालूम कि परिसीमन रद्द हो चुका है।

# जैसा मेरा घर वैसा ही स्वच्छ बने शहर, यह संदेश पहुंचायें घर-घर तकः निगमायुक्त श्री कन्याल



## ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के कचरा संग्रहण कर्मचारियों की कार्यषाला आयोजित

ग्वालियर। जैसा मेरा घर है वैसा ही बने हमारा शहर यह संदेश हम सभी को घर-घर तक पंहुचाना है। प्रत्येक घर की महिलाओं को हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक कर, अपने घर का सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके देने के लिए प्रेरित करना है। यह कार्य हमारे नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सबसे महत्वपूर्ण कडी टिपर वाहनों के चालक एवं हेल्पर अपनी समझदारी से कर सकते हैं। जो भी कर्मचारी अच्छा कार्य करेगा उन्हें सम्मानित किया जाएगा और जो लापरवाही करेगा उन्हें दंडित किया जाएगा। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सभी टिपर वाहन चालक, हेल्पर, डब्ल्यूएचओ, स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 एवं ग्वालियर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगम मुख्यालय में आयोजित विधानसभा वार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सभी टिपर वाहन चालक, हेल्पर, डब्ल्यूएचओ, स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की जाकर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा सभी से चर्चा की गई तथा उन्हें बताया गया कि किस प्रकार उन्हें अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर में महिलाओं से आग्रह कर सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेना है। इसके लिए सभी टिपर वाहनों पर स्टीकर भी रखवाए गए। जिसमें यह लिखा है कि सूखा कचरा कौनसा होता है तथा गीला कचरा कौनसा होता है। यह स्टीकर प्रत्येक घर में उन्हें चिपकाना है।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि यह शहर हमारा है तथा इसे अच्छा बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी लोगों की है। इसलिए हमे यह संकल्प लोगों को दिलाना है कि हम अपना घर जिस प्रकार से साफ व स्वच्छ रखते हैं उसी प्रकार से हमें अपना शहर बनाना है। इसके लिए सभी लोग जुटजाएं और अच्छा कार्य करें। जो भी चालक एंव हेल्पर अपनी गाडी को ठीक व साफ व स्वच्छ रखेगा एवं अधिक से अधिक कचरा उठायेगा उसे पुरूस्कृत किया जाएगा। वहीं कचरा खाली होने मे समय अधिक लगने को लेकर निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में 3 कचरा ट्रांसफर स्टेशन और प्रारंभ हो रहे हैं। जिससे उनकी गाडी जल्दी खाली हो जाएगी।

### निगमायुक्त ने ली हेल्पर को पढाने की जिम्मेदारी

बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी वाहन चालकों एवं हेल्परों से पूछा कि उन्हें पढना लिखना आता है या नहीं। एक हेल्पर गोलपहाडिया निवासी ने कहा कि श्रीमान मेरे माता पिता का निधन बचपन में ही हो गया था तथा बचपन से ही परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहा हूँ। इसीलिए मैं पढलिख नहीं पाया। तो निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि यदि हम तुम्हें पढाने की व्यवस्था करें तो तुम पढना चाहते हो क्या तो हेल्पर ने हां श्रीमान जी कहा। निगमायुक्त ने तत्काल अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर को निर्देश दिये कि जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से इनके घर के पास रहने वाले एक शिक्षक को इनके यहां भेजकर इनकी पढाई कराई जाए। जिसको लेकर सभी ने तालियां बजाकर निगमायुक्त श्री कन्याल का अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी शासकीय कार्यालयों में कम से कम 10 प्रतिशत विद्युत बचत सुनिश्चित करें - ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालयों की ऊर्जा खपत में कम से कम 10 प्रतिशत की बचत की जाये। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आग्रह किया है कि कार्यालय में जरूरत न होने पर उपकरण को मेन स्विच से ऑफ करें। कार्यालय से जाते समय समस्त विद्युत उपकरणों को स्विच ऑफ करें। कार्यालयों में गुणवत्तायुक्त एल.ई.डी. बल्ब का उपयोग करें, जो सामान्य बल्ब की अपेक्षा विद्युत की बचत करते हैं एवं अधिक समय तक खराब भी नहीं होते हैं। कम्प्यूटर की स्क्रीन सेवर की जगह ब्लेंक पर सेटिंग करें, इससे विद्युत की बचत होगी। एयर कंडीशनर (ए.सी.) की सेटिंग आदर्श तापमान पर करें एवं यदि आवश्यक न हो तो एयर कंडीशनर का उपयोग न करें। विद्युत की बचत के लिए कम्प्यूटर मॉनिटर, प्रिंटर, कॉपियर की स्लीप मोड में सेटिंग करें। कार्यालय के पंखे में इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर का उपयोग करें। यथा-संभव टास्क लाईट का इस्तेमाल करें, न कि पूरे कमरे की लाईट जलाएँ।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ट्वीटर पर मिली शिकायत का कराया त्वरित निराकरण

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली उपभोक्ता द्वारा ट्वीटर के माध्यम से मिली शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। शिकायतकर्ता को भी इस बात की जानकारी ट्वीट से दी गयी। टेकनपुर (डबरा) निवासी श्री मोहित भगोरिया ने ट्वीट किया था कि उनकी कॉलोनी में बिजली के खंभे गिर कर टूट गये हैं। इस पर त्वरित संज्ञान लेकर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने तुरन्त वैकल्पिक व्यवस्था करवाते हुए संबंधित कॉलोनी की बिजली आपूर्ति शुरू करवा दी है। टूटे हुए खंभे बदलने की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी है।

### रिटर्निंग अधिकारियों के आदेश में आंशिक संशोधन

**नवनीत शर्मा घाटीगांव, रामनिवास सिकरवार मुरार व शिवदयाल धाकड़ होंगे भितरवार के रिटर्निंग अधिकारी**

ग्वालियर। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं। कार्य सुविधा की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने रिटर्निंग अधिकारियों के आदेश में आंशिक संशोधन किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत घाटीगाँव के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व अब तहसीलदार घाटीगाँव श्री नवनीत शर्मा (मोबा. 8770827104) निभायेंगे। इसी तरह जनपद पंचायत मुरार के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व तहसीलदार सिटी सेंटर श्री रामनिवास सिंह सिकरवार (मोबा. 9340800197) और जनपद पंचायत क्षेत्र भितरवार के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व अपर तहसीलदार श्री शिवदयाल सिंह धाकड़ (मोबा. 9425196372) को सौंपा गया है।

### रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 9 दिसम्बर को

ग्वालियर। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये किए गए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स को 9 दिसम्बर को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दिन दो चरणों में बाल भवन में यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 दिसम्बर को बाल भवन में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक समस्त रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के निर्वाचन के लिये कुल 67 अधिकारी प्रशिक्षण लेंगे।

### शासकीय सेवकों के अवकाश पर जाने पर प्रतिबंध

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कार्यालय प्रमुखों को लिखित में निर्देश जारी किए हैं कि निर्वाचन कार्य समाप्ति तक अपने अधीनस्थ किसी भी शासकीय सेवक को अवकाश स्वीकृत न करें और न ही मुख्यालय छोड़ने की अनुमति दें। अपरिहार्य कारणों से यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी को अवकाश पर जाना आवश्यक हो तो उनका आवेदन कार्यालय प्रमुख के मतांकन सहित अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा को प्रस्तुत करें। उनकी अनुमति के पश्चात ही अवकाश पर जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन से संबंधित विभिन्न कार्य सम्पन्न कराने के लिए बड़े पैमाने पर शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

## तानसेन समारोह-2021

# स्थानीय कलाकारों के नाम तय, ध्रुपद के लिये महाविद्यालयों के क्रम का भी हुआ निर्धारण

ग्वालियर। इस साल के तानसेन समारोह में प्रस्तुति देने वाले स्थानीय कलाकारों का चयन कर लिया गया है। स्थानीय चयन समिति के दिशा-निर्देशों के तहत स्थानीय कलाकार चयनित किए गए हैं। साथ ही तानसेन समारोह की विभिन्न संगीत सभाओं में ध्रुपद गायन की प्रस्तुति देने वाले महाविद्यालयों का क्रम भी निर्धारित कर दिया गया है। तानसेन कलावीथिका के प्रभारी श्री वेदप्रकाश शर्मा से प्राप्त जानकारी के मुताबिक तानसेन समाधि परिसर में आयोजित होने वाले मुख्य मंच पर स्थानीय कलाकार के रूप में श्री भरत नायक को सितार वादन की प्रस्तुति के लिये चयनित किया गया है। इसी प्रकार संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट की सभा में स्थानीय कलाकार के रूप में डॉ. पारूल दीक्षित उपाध्याय का गायन और श्री संजय राठौर का एकल तबला वादन होगा। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश का सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव ÷तानसेन समारोह÷ संगीत की नगरी ग्वालियर में इस साल 26 से 30 दिसम्बर तक आयोजित होगा। तानसेन समारोह की पूर्व संध्या यानि 25 दिसम्बर को सायंकाल उप शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम ÷गमक÷ का आयोजन होगा। यह सालाना समारोह भारतीय संगीत की अनादि परंपरा के श्रेष्ठ कला मनीषी संगीत सम्राट तानसेन को श्रद्धांजलि व स्वरांजलि देने के लिये पिछले 96 साल से आयोजित हो रहा है।

### संगीत सभाओं में इन महाविद्यालयों का होगा ध्रुपद गायन

तानसेन समारोह के तहत पहली संगीत सभा 26 दिसम्बर को सायंकाल 6 बजे आयोजित होगी। इस सभा की शुरूआत माधव संगीत महाविद्यालय के ध्रुपद गायन के साथ होगी। इसी तरह 27 दिसम्बर को प्रातःकालीन सभा प्रातः 10 बजे राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के और सांध्यकालीन सभा का आगाज शंकर गांधर्व महाविद्यालय के ध्रुपद गायन से होगा। तानसेन समारोह में 28 दिसम्बर की प्रातःकालीन सभा भारतीय संगीत महाविद्यालय व सायंकालीन सभा तानसेन संगीत महाविद्यालय तथा 29 दिसम्बर को प्रातःकालीन सभा ध्रुपद केन्द्र ग्वालियर व सांध्यकालीन सभा की शुरूआत साधना संगीत महाविद्यालय के ध्रुपद गायन से होगी। तानसेन समारोह के अंतिम दिन 30 दिसम्बर को बेहट में प्रातःकालीन सभा का शुभारंभ तानसेन संगीत कला केन्द्र बेहट के ध्रुपद गायन से होगा। समारोह की समापन सभा अर्थात गूजरी महल परिसर में सजने वाली सांध्यकालीन सभा की शुरूआत सारदानाद विद्या मंदिर के ध्रुपद गायन से होगी।

# 8 वर्ष के नन्हे-मुन्हें बॉक्सर खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी जयंत को मुकाबले में हराकर रिंग से किया बाहर

ग्वालियर। 8 वर्ष के नन्हे-मुन्हें बॉक्सर खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी जयंत को आज हुए मुकाबले में हराकर रिंग से बाहर का रास्ता दिखा कर जीत हासिल कर खेल परिसर में उपस्थित खिलाड़ी व खेल प्रेमियों का दिल जीत



लिया। नगर निगम ग्वालियर एवं डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एकलव्य खेल परिसर में खेली जा रही बॉक्सिंग स्पर्धा के तीसरे दिन हुए मुकाबले में निगम खेल अधिकारी श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने बताया कि आज के विजेता हुए खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं, कब क्लास मुकाबले में कृष्णा गुर्जर, रूद्र प्रताप, आयुष राजावत, सब जूनियर ललित कनौजिया, यश प्रताप सिंह, मेघराज पाल, उदय उचारिया, युवराज राजावत, शिवम सिंह, अभिषेक गौड, लक्क्ष शुक्ला, पृथ्वीवान गुर्जर। जूनियर वर्ग में जलज सविता, गौरव, अर्पित राजावत, कुलदीप घुरैया, नरेंद्र गुर्जर, विकास त्यागी, मयंक खरे, यूथ वर्ग में मनीष शर्मा, हर्षित पाल, अमन शर्मा, दारा सिंह, सीनियर वर्ग में कृष्णा शर्मा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। प्रतियोगिता में टेक्निकल टेबल पर श्री तरनेश तपन, श्री संतोश अर्गल, श्री शिवम पचौरी, रोहित पांडे, श्री दिवाकर राजावत एवं खेल विभाग के कोच श्री अयोध्या शरण शर्मा मौजूद थे।








# अपर आयुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

ग्वालियर।आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वार्ड 43 डीबी सिटी के श्री मनीष अग्रवाल ने अवैध तलघर निर्माण कार्य को रूकवाये जाने के संबंध में, वार्ड 45 लोहिया बाजार की श्रीमती अनीता शर्मा ने गली में किये गए अतिक्रमण को हटवाये जाने, रामानुज नगर गोविंदपुरी के पास सचिन तेंदुलकर रो? के श्री हरीदेव शर्मा ने सीवर लाइन डालने के बाद स?क की मरम्मत किये जाने, दीनदयाल नगर के श्री आरबी सिंह ने पेयजल लाइन के संबंध में, छत्री बाजार के श्री मनोहर लाल ने शासकीय नाला की भूमि शीघ्र अतिक्रमण से मुक्त किये जाने आदि से संबंधित तीन दर्जन आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने दिए।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478